RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-241 जयपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 मूल्य-4 रूपये

### पीएम मोदी और नेतन्याहू के बीच रक्षा, एटीएफ, यूपीआई सहित कई मुद्दों पर बनी सहमति

# दोनों देशों के युवाओं, रिसर्चर्स और नए विचारों पर काम करने वालों को जोड़ना हमारी प्राथमिकता

### मोदी बोले- जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे, इजराइल आना गर्व की बात

तेल अवीव

प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल दौरे का आज आखिरी दिन हैं। मोदी दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकॉस्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है। वहीं, पीएम मोदी ने इजराइली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया।

फिर पीएम मोदी और इजराइली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस



दौरान बताया गया है कि इजराइल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेगा।

### दुनिया में आतंकवाद की कोई जगह नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इजराइल इस बात पर पूरी तरह सहमत हैं कि दुनिया में आतंकवाद की कोई जगह नहीं है। किसी भी रूप में आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम अब तक कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और उसका समर्थन करने वालों के खिलाफ खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता भारत की सुरक्षा से सीधे जुड़ी है। इसलिए हमने हमेशा बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। यही ग्लोबल साउथ और पूरी मानवता की भी मांग है। गाजा पीस प्लान से शांति की दिशा में एक रास्ता बना है। भारत ने इन प्रयासों का पूरा समर्थन किया है। आगे भी हम सभी देशों के साथ बातचीत और सहयोग जारी रखेंगे।

### 16 एमओयू और समझौते साइन हुए

*मिस्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद करीब 16 एमओयू और समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। ये समझौते विज्ञान, तकनीक, नवाचार, साइबर सिक्योरिटी, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा, व्यापार और आर्थिक सहयोग समेत कई क्षेत्रों से जुड़े हैं। भारत-इजराइल संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फॉर पीस, इनोवेशन एंड प्रॉस्पेरिटी' तक अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला दोनों देशों के बीच गहरे विश्वास और मजबूत साझेदारी का प्रतीक है।*

### क्षेत्रीय कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ाने पर जोर देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के युवाओं, रिसर्चर्स और नए विचारों पर काम करने वाले लोगों को आपस में जोड़ना हमारी बड़ी प्राथमिकता रही है। इसी दिशा में आज हम इंडिया-इजराइल अकादमिक फोरम की स्थापना कर रहे हैं, ताकि शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में सहयोग और मजबूत हो सके।

### लाखों भारतीय किसानों को फायदा होगा

पीएम मोदी ने कहा कि इजराइल की नई तकनीक भारत के गांव-गांव तक पहुंचेगी और लाखों किसानों की आय और उत्पादन दोनों बढ़ेंगे। हम मिलकर भविष्य के लिए तैयार खेती के नए समाधान भी विकसित करेंगे। भारत में इंडिया-इजराइल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना इस सहयोग को और मजबूत आधार देगी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इजराइल के बीच कृषि के क्षेत्र में लंबे समय से अच्छा और सफल सहयोग रहा है। आज हमने तय किया है कि इस सहयोग को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक नई दिशा दी जाएगी।

### इनोवेशन करने वाले देशों का ही भविष्य है: नेतन्याहू

नेतन्याहू ने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीक और एआई की मदद से हर छात्र तक आसानी से पहुंचा जा सकता है और उसे उसकी पूरी क्षमता तक आगे बढ़ने का मौका दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पहले जो परेशानियां और सीमाएं थीं, अब वे नहीं रहीं। उन्होंने कहा कि भविष्य उन्हीं देशों का है जो नई सोच और नए काम करते हैं। इजराइल और भारत दोनों ही नए विचार और तकनीक पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश बहुत पुरानी और महान सभ्यताएं हैं, जिन्हें अपने इतिहास पर गर्व है, लेकिन वे भविष्य को बेहतर बनाने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इजराइल मिलकर यह काम और बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

## 'करप्शन इन ज्यूडीशियरी' वाली एनसीईआरटी किताब पर बैन

### कहा- हार्ड कॉपी वापस लें, डिजिटल कॉपी हटाएं

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली एनसीईआरटी के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उसे जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए।

कोर्ट ने इस मामले में NCERT डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। सीजेआई ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा। एनसीईआरटी पर अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है।




### शिक्षा मंत्री बोले- जो जिम्मेदार, उनपर कार्रवाई होगी

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विवादित चैप्टर को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उसका अपमान करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। बुधवार को CJI की फटकार के बाद NCERT ने इस मामले में माफी मांग ली थी।

इस मामले में सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया।

## एयर टिकट बुकिंग 48 घंटे में कैंसिल की तो फुल-रिफंड

नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने गुरुवार को हवाई यात्रा के टिकट रिफंड और कैंसिल करने से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के मुताबिक, अब टिकट बुक करने के 48 घंटे के भीतर कैंसिल या बदलाव करने पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा, यानी टिकट का पूरा अमाउंट रिफंड किया जाएगा। यह फैसला यात्रियों की बढ़ती शिकायतों और हाल ही में इंडिगो की उड़ानों में हुई दिक्कतों के बाद लिया गया है।

## राजस्थान में प्राइवेट बसों की हड़ताल खत्म

### जयपुर कलेक्टर के साथ बैठक में मांगों पर बनी सहमति

जयपुर

राजस्थान में निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल गुरुवार को खत्म हो गई है। जयपुर कलेक्टर के साथ बैठक में कुछ मांगों पर सहमति बन गई, जबकि कुछ मांगें बाद में पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इसके बाद अब प्राइवेट बसें आज रात से दोबारा शुरू हो जाएंगी।

परिवहन मुख्यालय में देर रात हुई मीटिंग के बाद हड़ताल खत्म करने पर सहमति बनी है। मीटिंग में जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी, ट्रांसपोर्ट कमिश्नर पुरुषोत्तम शर्मा



और ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया- जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी के साथ बातचीत में कुछ मांगों पर सहमति बन गई, जबकि बाकी मांगें विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।

दरअसल, प्राइवेट बस ऑपरेटर की हड़ताल के कारण प्रदेशभर में 35 हजार बसें बंद हो गई थी। राज्य के बाहर आने-जाने वाली बसों के बंद होने से होली पर घर जाने वाले लोग अलग-अलग राज्यों में अटक गए। हड़ताली प्राइवेट बस ऑपरेटर्स का प्रदर्शन गुरुवार को उग्र होने लगा था। दौसा जिले के महुआ में जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर ऑपरेटर्स ने कई प्राइवेट बसें रुकवाईं गई।

## राजस्थान में सभी मंदिरों को पट्टे देगी सरकार

### दिलावर बोले- गांवों में बिना लाइसेंस अब मीट दुकानों पर प्रतिबंध

जयपुर

राजस्थान में आबादी की जमीन पर बने सभी मंदिरों को राज्य सरकार पट्टे देगी। इसके अलावा गांवों में मीट की दुकानों पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई है। अब बिना लाइसेंस गांवों में मीट की दुकानें नहीं चल सकेंगी।

विधानसभा में पंचायतीराज की अनुदान मांगों पर गुरुवार को बहस का जवाब देते हुए पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने मंदिरों को पट्टे देने की घोषणा की। दिलावर ने कहा-



हम सबको देने वाला भगवान बिना पट्टे के बैठा है। भगवान हम सबको देता है तो हमारा कर्तव्य बनता है कि हम पट्टा दें।

### मंत्री बोले- हम अभियान चलाकर पट्टे देंगे

दिलावर ने कहा- हम कोशिश करेंगे कि अभियान चलाकर आबादी में बसे मंदिरों को पट्टा दें। मंदिर मूर्ति उस जगह की मालिक हो जाए। उसके बिना कई दिक्कतें आती है। मंदिर मूर्ति के नाम होगा तो मंदिर के नाम की डोली की जमीन अवाप्त होने पर मुआवजा मिल सकता है।

दिलावर ने शहरों की तर्ज पर गांवों में मीट की दुकानों पर शहरों वाले नियम लागू करने की घोषणा की है। दिलावर ने कहा- गांवों में भी अब शहरों की तरह ही मीट की दुकानों पर नियम लागू होंगे। मांस की दुकान लगाने के लिए नियम बने हुए हैं।

नियम यह है कि कमर्शियल दुकान होगी, उसमें ही वह अपनी मीट बेच सकता है, उसको लाइसेंस लेना पड़ेगा। फूड लाइसेंस लेना पड़ेगा। अब जानवर काटने के लिए वेटरनरी डॉक्टर का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र लेना पड़ेगा। स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ उसका फोटो भी होगा ताकि एक जानवर का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र लेकर 10 जानवर नहीं काट सके।

### अब पंचायत की एनओसी लेनी पड़ेगी

दिलावर ने कहा- मीट की दुकान चलाने अब पंचायत की एनओसी लेनी पड़ेगी। आगे जाकर हम हमारे नियम बना लेंगे। आज के बाद में सभी अधिकारियों को निर्देश देता हूं कि कहीं भी राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्र में मांस की दुकान नियमों के खिलाफ नहीं लगे।

## मियां मुसलमान विवाद पर असम सीएम को हाइकोर्ट का नोटिस

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के मियां मुसलामान वाले बयान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। ये नोटिस राज्य में माइनॉरिटी कम्युनिटी के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया गया। याचिका में कहा गया था कि ष्टरूसरमा के हेट स्पीच के वीडियो वायरल होने के बावजूद, असम पुलिस ने खुद से स्नढ्ढक्रदर्ज नहीं की है। इसमें दावा किया गया है कि ष्टरू के खिलाफ कार्रवाई न करने से सजा से बचने का माहौल और डरावना असर होता है।

## नौ वर्षीय छात्रा की 'हार्ट अटैक' से मौत

### स्कूल में खेलते समय गिरी 5वीं की छात्रा दिव्या

**नागौर।** जिले के गोटन कस्बे स्थित एक निजी स्कूल में नौ साल की छात्रा की संदिग्ध हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना 23 फरवरी की



सुबह की है, जिसका खुलासा गुरुवार को हुआ है। गोटन के गोटन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा पांचवीं की छात्रा दिव्या रोज की तरह स्कूल पहुंची थी। प्रार्थना से पहले वह अन्य बच्चों के साथ स्कूल ग्राउंड में खेल रही थी। इसी दौरान अचानक वह लड़खड़ाई और बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। स्कूल के डायरेक्टर रामकुंवार ओला के मुताबिक तालनपुर निवासी राजेंद्र बापेडिया की बेटी दिव्या को गिरते ही स्टाफ ने संभाला और परिजनों को सूचना दी। तुरंत उसे गोटन के राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, छात्रा के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं थे। प्राथमिक जांच में मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट माना गया है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। परिवार ने बताया कि दिव्या के बड़े भाई अभिषेक की भी चार महीने पहले अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। नौ सितंबर 2025 को घर पर खेलते समय वह बेहोश हो गया था और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। लगातार दो बच्चों की अचानक हृदयाघात से मौत से परिवार सदमे में है। घटना के बाद क्षेत्र में भी शोक का माहौल है।

## ग्रेड-बेस्ड ड्राइविंग लाइसेंस सिस्टम लाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** देश में सड़क हादसों को कम करने और जिम्मेदार ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ग्रेड (अंक) आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली शुरू करने की योजना बना रही है। इसमें ट्रैफिक नियम तोड़ने पर लाइसेंस रद्द या निलंबित करने का प्रावधान होगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हर साल देश में लगभग 1.8 लाख लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। इसके मुख्य कारण हैं - गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल, तेज रफ्तार, गलत दिशा में गाड़ी चलाना और नशे में ड्राइविंग। उन्होंने कहा कि लोगों की जान बहुत कीमती है और सरकार सड़क सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ाया गया है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या नियमों का सही पालन कराना है।

## शंकराचार्य केस में दावा- नाबालिगों से यौन शोषण की पुष्टि

### पीड़ित बटुक बोला- अविमुक्तेश्वरानंद ने शोषण किया

वाराणसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट आ गई है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बुधवार को पीड़ित नाबालिगों का मेडिकल टेस्ट कराया था। दो डॉक्टरों के पैनल ने प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में मेडिकल टेस्ट किया। रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार



को जांच अधिकारी को सौंप दी गई है। इसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बटुकों से कुकर्म किसने किया? कब किया? कहां किया? ये जांच का विषय है। पूरी जांच के बाद साफ होगा कि अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे आरोप कितने सही हैं। थाना प्रभारी झूंसी महेश मिश्र ने बताया कि कोर्ट का मामला है। ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते। इससे पहले, शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज ने बुधवार को कहा था कि सारे सबूत हैं। मेडिकल में बटुकों से कुकर्म की पुष्टि हुई है।

इधर, अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- जनता को शंकराचार्य की कहानी देखने में लगा दिया गया है। इससे एपस्टीन फाइल से जो चीजें निकलकर आई हैं, उन्हें दबाया जा रहा। अब सवाल यह है कि कोर्ट की प्रोसीडिंग पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसके बारे में कोर्ट, शिकायतकर्ता, पुलिस और खुद पीड़ित को ही जानकारी होती है। ऐसे में चैनल को यह किसने बताया कि ये बच्चे हैं?

## बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के मुंबई के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड से संबंधित बैंक ऑफ बड़ौदा ऋण मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास व कार्यालय में तलाशी ली। यह कार्रवाई 2,220 करोड़ रुपये से अधिक के कथित ऋण धोखाधड़ी मामले में की है। सीबीआई के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की 24 फरवरी 2026 की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, उसके प्रमोटर एवं पूर्व चेयरमैन अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज



किया गया है। आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बैंक से लिए गए ऋण को संबंधित पक्षों के साथ फर्जी लेनदेन दिखाकर डायवर्ट और दुरुपयोग किया। कंपनी के खातों में हेरफेर किया गया और अनियमितताओं को छिपाया गया। इससे बैंक ऑफ बड़ौदा को 2,220 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सीबीआई के मुताबिक यह खाता वर्ष 2017 में एनपीए घोषित कर दिया था। हालांकि, अनिल द्वारा बॉम्बे हाई कोर्ट में दायर याचिका के बाद खाते को धोखाधड़ी घोषित करने पर रोक लगी थी। यह रोक 23 फरवरी 2026 को हटने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने शिकायत दर्ज कराई व सीबीआई ने तुरंत मामला दर्ज किया। एजेंसी ने बताया इससे पहले भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर 11 बैंकों के कंसोर्टियम से जुड़े एक अलग मामले में रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है। बैंक ऑफ बड़ौदा उस कंसोर्टियम का हिस्सा नहीं था। यह ऋण बैंक ऑफ बड़ौदा, पूर्व में विजया बैंक और देना बैंक से लिया गया था, जो अब बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय हो चुके हैं।

## इंदौर में जहरीली गैस फैली, 5 की तबीयत बिगड़ी

इंदौर

इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात अमोनिया गैस के रिसाव से इलाके में हड़कंप मच गया। गैस के असर से कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई, जिसके बाद दो महिलाओं समेत पांच लोगों को एहतियातन अस्पताल भेजा गया। प्रशासन के मुताबिक सभी की हालत स्थिर है और कोई भी गंभीर नहीं है। सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसनी ने बताया कि पांचों की हालत ठीक है। डीसीपी आनंद कालादगी ने बताया कि ककतपुरा पुल के नीचे शहजाद नाम के एक कबाड़ी द्वारा सिलेंडर काटा जा रहा था। इसी दौरान उसमें से अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया।

## भारत सेमीफाइनल से एक जीत दूर

### अभिषेक-पंड्या की फिफ्टी, साउथ अफ्रीका नॉकआउट राउंड में पहुंचा

चेन्नई

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पहली जीत हासिल की है। टीम इंडिया ने गुरुवार के दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया। इसी के साथ जिम्बाब्वे सेमीफाइनल रेस से बाहर हुआ और साउथ अफ्रीका नॉकआउट राउंड में पहुंच गया।

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 6



विकेट पर 184 रन ही बना सकी। हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द मैच रहे। भारतीय टीम की ओर से अभिषेक शर्मा (55 रन) और हार्दिक पंड्या (नाबाद 50) फिफ्टी बनाई। वहीं, तिलक वर्मा ने नाबाद 44 रन बनाए। जिम्बाब्वे से रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, तिनोतेंदा मपोसा और सिकंदर रजा ने एक-एक विकेट लिए।

257 रन का टारगेट चेज करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत धीमी रही। टीम पावरप्ले में 44 रन ही बना सकी। उसने मिडिल ओवर्स के फेज में नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। लेकिन, ओपनर ब्रायन बेनेट ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने नाबाद 97 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

## सुनेत्रा पवार एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं

मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को गुरुवार को सर्वसम्मति से सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। NCP के कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने मुंबई में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि सुनेत्रा पवार के इस्तीफे से खाली हुई राज्यसभा सीट के लिए पार्थ पवार को नामित किया जाएगा। पार्थ अजित पवार और सुनेत्रा के बड़े बेटे हैं। अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में निधन हो गया था। वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम थे। उनकी मौत के तीसरे दिन, 31 जनवरी को सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया।

## अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी, आरोपी कपल न्यायिक हिरासत में

नई दिल्ली (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी रूबी जैन और उसके पति हर्ष सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को एससी/एसटी कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। हाईकोर्ट ने कपल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इसके पहले मंगलवार को हर्ष सिंह ने कहा कि हम शर्मिंदा हैं। ये सब कुछ हीट ऑफ द मोमेंट में हो गया। हर्ष ने कहा कि मामले में हम दिल्ली पुलिस का पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उनका ऑफिस पहले दिन से ही पीड़ितों और दिल्ली पुलिस के लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि नॉर्थईस्ट के लोगों के साथ गलत व्यवहार का मामला खुद बहुत गंभीरता से लेते हैं। मामले में गिरफ्तारियां की गई हैं। दिल्ली में नॉर्थईस्ट के लोगों के खिलाफ किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को अधिकारी गंभीरता से लेते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं खुद फॉलो-अप कर रहा हूं। हम सख्त कानूनी कार्रवाई कर रहे और सबक सिखाएंगे कि नॉर्थईस्ट के लोगों के साथ बुरा बर्ताव नहीं होना चाहिए।

## बीजेपी के वरिष्ठ विधायक बसनगौड़ा पाटिल के खिलाफ हेट स्पीच का मामला दर्ज

यादगीर (एजेंसी)। कर्नाटक के यादगीर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल फिर विवादों में हैं। पुलिस ने बताया कि शिवाजी जयंती समारोह के दौरान कथित तौर पर हेट स्पीच (नफरत फैलाने वाला भाषण) देने के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि जिले के गुरुमठकल कस्बे में शिवाजी जयंती के मौके पर एक भव्य जुलूस के बाद आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और तभी यह घटना हुई। प्राथमिकी के अनुसार, यतनाल ने अपने भाषण के दौरान कथित तौर पर कई विवादास्पद टिप्पणियां कीं। उन्होंने एक विशेष समुदाय को निशाना बनाकर एक हिंदी कविता उद्धृत की और महात्मा गांधी तथा जवाहरलाल नेहरू के बारे में भी कहा। उन्होंने कथित तौर पर एक विशेष समुदाय को कथित तौर पर निशाना बनाकर ''लव जिहाद'' का भी जिक्र किया और कुछ ऐतिहासिक हस्तियों पर अपमानजनक टिप्पणी की। पुलिस ने बताया कि इस भाषण के बाद समाचार और सोशल मीडिया मंचों पर तीखी प्रतिक्रिया आई, जिसमें कई लोगों ने नेता पर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का आरोप लगाया। भाषण की वीडियो रिकॉर्डिंग की जांच और उसकी प्रतिलिपि तैयार करने सहित प्रारंभिक जांच के बाद जिला पुलिस कार्यालय से कानूनी राय मांगी गई।

## वंदे भारत की चपेट में आने से पति-पत्नी और बच्ची की मौत

पाकुड़ (एजेंसी)। पाकुड़-रामपुरहाट रेलखंड के बीच नवीनगर स्टेशन के समीप एक हृदयविदारक हादसे में पति-पत्नी और उनके मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हुई है। तीनों की जान वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से चली गई। जानकारी के अनुसार, देर रात तेज रफ्तार से गुजर रही ट्रेन की चपेट में अचानक तीन लोग आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही तीनों ने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची गई है। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान राजा पाड़ा के चंदन सरदार (35), उनकी पत्नी रिम्पा (25) और बेटी अर्पिता के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया, हमने शवों को अपने कब्जे में ले लिया है, जिन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात को ईस्टर्न रेलवे के हावड़ा डिवीजन में नगरनबी रेलवे स्टेशन के पास हुई। जब न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस आ रही थी, तब परिवार रेलवे ट्रैक पार कर रहा था।

## देश में करीब 90 प्रतिशत हिंदू मछली और मीट खाते... एआईएमआईएम नेता का बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार में शिक्षण संस्थानों और धार्मिक स्थलों के पास खुली मीट मछली की दुकानों पर बैन के मामले को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इस बैन पर एआईएमआईएम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने कहा, यह मुख्य रूप से साफ-सफाई से जुड़ा मामला है। लेकिन अगर कोई मछली और मीट पर नाराजगी जाहिर करता है, तब मैं बताना चाहूंगा कि देश में लगभग 90 प्रतिशत हिंदू मछली और मीट खाते हैं। उन्होंने कहा, यह एक राजनैतिक एजेंडा है, प्रोटीन कैसे मिलेगा बच्चों को? आप अमेरिका में देखिए, दुनिया भर के तमाम विश्वविद्यालयों में बच्चों को अंडे दिए जाते हैं। कौन कहता है कि गंदगी करते हैं, उसके लिए कानून बनाए। उन्होंने कहा, यह मामला साफ-सफाई का है, साफ-सफाई के लिए हम भारतीय वैसे ही बदनाम है, अगर कोई इस मामले को मांस मछली तक लेकर जाएगा जो देश के 90 फीसदी हिंदू भाई मांस, मछली और अंडा खाते हैं। होली में आप क्यों नहीं बोलते हैं जो लंबी-लंबी लाइन लगती है। खुद के इनके बच्चे जो अमेरिका में पढ़ते हैं, वे क्या खाते हैं, पूछिए इनसे। इस मामले की अखिल भारतीय इमाम संघ के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बिल्कुल यह अच्छी बात है कि धार्मिक स्थल और शिक्षण संस्थानों के आसपास मीट-मछली की दुकानें नहीं होनी चाहिए, लेकिन हमें इसका भी ध्यान रखना चाहिए कि संविधान में खाने के अधिकार का भी प्रावधान है, जिसके तहत भारतीयों को कुछ भी खाने का अधिकार है।

## यूपी में पीसीएस अधिकारी ने मांगी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, स्वास्थ्य बताया कारण

लखनऊ (एजेंसी)। पीसीएस अधिकारी सुबोध मणि शर्मा ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति मांगी है। उन्होंने इसके लिए स्वास्थ्य और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया है। वे इस समय प्रतापगढ़ रानीगंज तहसील में उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात हैं। उन्हें साल 2024 में तहसीलदार से उपजिलाधिकारी के पद पर पदोन्नति मिली थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नियुक्ति विभाग को वीआरएस के लिए भेजे प्रार्थना पत्र में सुबोधमणि शर्मा ने स्वास्थ्य और पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अब नौकरी नहीं कर पाने की बात लिखी है। उन्होंने आवेदन पर विचार करते हुए जल्द वीआरएस देने की मांग की है। नियुक्ति विभाग उनके प्रार्थना पत्र पर विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही उनके वीआरएस स्वीकृत हो जाएगा।

# राज्यसभा चुनाव में इस बार सहयोगियों के सहारे कांग्रेस... मिलकर बना रही समीकरण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव होने वाले है। कांग्रेस ने कई राज्यों में सहयोगी दलों के साथ तालमेल बनाकर अपनी रणनीति बना ली है। तमिलनाडु में डीएमके के समर्थन से पवन खेड़ा का नाम आगे बढ़ाया गया है, जबकि बिहार और तेलंगाना में एक सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

इन चुनावों में महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6, पश्चिम बंगाल और बिहार की 5-5, ओडिशा की 4, असम की 3, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की 2-2 तथा हिमाचल की 1 सीट पर मतदान होना है। विधानसभा की मौजूदा संख्या के आधार पर अलग-अलग राज्यों में अलग समीकरण बनाते दिख रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने डीएमके के साथ एक सीट पर अपने उम्मीदवार के तौर पर पवन खेड़ा का नाम आगे कर दिया है। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की मुलाकात में इस पर सहमति बन गई है। मौजूदा विधानसभा संख्या के आधार पर डीएमके चार सीटें जीत सकती है और



एआईएडीएमके एक सीट हासिल कर सकती है, जबकि एक सीट पर मुकाबला संभव है।

बिहार की पांच सीटों में एनडीए के पास 202 विधायक हैं, जिससे एनडीए चार सीटों पर जीत दर्ज कर सकता है। पांचवीं सीट के लिए अतिरिक्त समर्थन की जरूरत होगी। महागठबंधन के पास कुल 35 विधायक हैं और महागठबंधन को अन्य दलों का समर्थन जुटाना होगा। एआईएमआईएम के 5 विधायक और बसपा के 1 विधायक की भूमिका अहम हो जाती है।

वहीं तेलंगाना में दो सीटों पर चुनाव होना है। एक सीट जीतने के लिए 41 विधायकों का समर्थन चाहिए है। कांग्रेस के पास 66 विधायक है और सीपीआई का एक विधायक समर्थन में है। बीआरएस के पास आधिकारिक तौर पर 37 विधायक है, जबकि भाजपा के 8 और एआईएमआईएम के 7 विधायक हैं। बीआरएस द्वारा उम्मीदवार उतारने से मुकाबला त्रिकोणीय हुआ है। कांग्रेस की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी का नाम फिर से चर्चा में आ गया है।

हिमाचल प्रदेश की सीट के लिए कांग्रेस ने अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। पार्टी संभावित नामों पर में आनंद शर्मा, प्रतिभा सिंह के नाम शामिल हैं। पिछली बार क्रॉस वोटिंग के कारण कांग्रेस उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा था।

वहीं पश्चिम बंगाल की पांच सीटों में तृणमूल कांग्रेस चार सीटों पर दावा है, जबकि एक सीट पर मुकाबला संभव है। यह सीट फिलहाल वाम दल के पास है लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में वाम दलों की बुरी हार के बाद भाजपा इस पर बढ़त बना सकती है। ओडिशा की 4 सीटों में से बीजेपी 3 सीटों पर दावा कर रही है, जबकि बीजेडी एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। असम की 3 सीटों में बीजेपी 2 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एक सीट पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ साथ मिलकर उम्मीदवार उतार सकते हैं। हरियाणा की 2 सीटों और छत्तीसगढ़ की दो सीटों पर भी कांग्रेस और बीजेपी के बीच मुकाबला तय माना जा रहा है।

## भगवान वेंकटेश के लड्डू प्रसाद की जांच करेगी इलेक्ट्रॉनिक जीभ और इलेक्ट्रॉनिक नाक

### -तिरुपति में बन रही अत्याधुनिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला

अमरावती (एजेंसी)। देश के प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट का मामला सामने के बाद ऐसा भविष्य में नहीं हो इसके लिए तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद की सामग्री जांच के लिए अत्याधुनिक खाद्य प्रयोगशाला स्थापित हो रही है। इसके बारे में जानकारी देकर आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री वाई सत्य कुमार यादव ने कहा कि तिरुपति जिले के तिरुमाला में बन रही अत्याधुनिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला अगले महीने से काम करना शुरू करेगी। खाद्य मंत्री ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान यह बयान दिया। आंध्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के बीच अक्टूबर 2024 में हस्ताक्षरित समझौते के बाद प्रयोगशाला का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए करीब 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। आंध्र सरकार में मंत्री यादव ने बताया कि इस प्रयोगशाला में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों की जांच के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं, लेकिन मुख्य उपकरण इलेक्ट्रॉनिक जीभ और इलेक्ट्रॉनिक नाक होगी। जिन्हें फ्रांस से 35 लाख रुपये की लागत से आयात किया गया है। मंत्री यादव ने बताया कि यह उपकरण घी की शुद्धता, स्वाद, गंध और बनावट में होने वाले सूक्ष्म बदलावों का भी पता लगा सकते है। यह प्रसिद्ध लड्डू और अन्य प्रसाद बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। प्रयोगशाला में कच्चे माल की ताजगी का पता लगाने वाले सेंसर और माइक्रोबायोलॉजी परीक्षकों सहित दर्जनों अन्य उपकरण भी स्थापित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रयोगशाला में परीक्षण से यह सुनिश्चित होगा कि भक्तों को परोसे जाने वाले लड्डू और प्रसाद उच्चतम गुणवत्ता के हों। लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और अगले महीने से परिचालन शुरू हो सकता है।

## एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड पहचान के रूप में मान्य नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड सिर्फ पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इन्हें सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी हो। वरिष्ठ वकील डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाकर पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल हो सकता है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता है। एडमिट कार्ड सिर्फ सहायक कागज है, यह अपने दम पर पहचान का आधार नहीं बन सकता।


बंगाल सहित 12 राज्यों में एसआईआर के फेज 2 के तहत वोटर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है। यहां पर 28 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित होगी। बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच खींचतान चल रही है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट मामले पर सुनवाई कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने 24 फरवरी 2026 के अपने आदेश का हवाला देकर कहा कि जो दस्तावेज अभी तक अपलोड नहीं हुए हैं और 15 फरवरी से पहले मिले थे, उन्हें संबंधित ईआरओ और एईआरओ गुरुवार शाम 5 बजे तक न्यायिक अधिकारियों के सामने पेश करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जन्मतिथि और पिता का नाम साबित करने के लिए मार्कशीट के साथ एडमिट कार्ड दिया जा सकता है। लेकिन एडमिट कार्ड सिर्फ मान्य नहीं होगा।

# बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उठाया सवाल... 247 से अधिक विदेशी यात्राएं राहुल गांधी ने क्यों की

### नेहरू ने भारत के अधिकार को चीन को सौंप दिया

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजधानी पटना में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नेहरू-गांधी परिवार पर गंभीर आरोप लगा दिए है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने कहा कि यह समझौता मिशन की कहानी है, जिसमें देश के हितों से समझौता कर परिवार के हितों को प्राथमिकता दी गई। नवीन ने कहा कि एक वक्त जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि 45 करोड़ लोग उनके लिए एक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा, 1954 में किस प्रकार नेहरू ने बिना किसी रिवॉर्ड के तिब्बत में भारत के अधिकार को चीन को सौंप दिया। इतना ही नहीं उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर रक्षा सौदों के जरिए निजी बैंक खाते भरने के आरोप लगाए। नवीन ने राजीव गांधी के कार्यकाल का जिक्र कर कहा कि तब रक्षा सेवाओं का उपयोग निजी वित्तीय हितों को मजबूत करने के लिए हुआ।



नितिन नवीन ने राहुल गांधी को विदेशी शक्तियों की कठपुतली करार देकर कहा कि कांग्रेस का चुनावी इतिहास सीआईए की फंडिंग से दागदार रहा है। बीजेपी अध्यक्ष नवीन ने सोनिया गांधी के राजनीतिक जीवन पर भी सवाल उठते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2004 से 2014 के बीच राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के माध्यम से उन्होंने सुपर प्रधानमंत्री की तरह काम किया और मनमोहन सरकार के साथ एक समानांतर सरकार चलाई। उन्होंने दावा किया कि इसी अवधि में राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी सरकार और निवेशक जॉर्ज सोरोस के नेटवर्क से बड़ी फंडिंग मिली।राहुल गांधी को लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें नकारात्मक राजनीति का चेहरा माना जाता है। उनके अनुसार राहुल गांधी ने 247 से अधिक विदेशी यात्राएं कीं, जिसमें से कई में सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि इन यात्राओं के पीछे क्या उद्देश्य था। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी नेताओं, जैसे इल्हान ओमर और जॉर्ज सोरोस से मुलाकातें भी इसी संदर्भ में देखी जानी चाहिए। नितिन नवीन ने कहा कि आज हमारे देश का युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहता है और यदि किसी भी तरह से उन्हें गुमराह करने की कोशिश होती है, तब यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब इस तथाकथित समझौता मिशन को समझ चुकी है और देशहित को सर्वोपरि मानती है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रहित के मुद्दों पर जनता सजग है और भविष्य में वही नेतृत्व स्वीकार करेगी जो देश के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता हो।

# कांग्रेस का 'शर्टलेस' प्रदर्शन... वैश्विक मंच पर भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और प्रल्हाद जोशी ने राहुल गांधी को लताड़ा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नई दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन को लेकर सियासी घमासान तेज हुआ है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय युवा कांग्रेस के 'शर्टलेस' विरोध प्रदर्शन की कड़ी आलोचना कर इस प्रदर्शन को वैश्विक मंच पर भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश बताया। उन्होंने कई पोस्ट कर कांग्रेस और विशेष रूप से राहुल गांधी पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री गोयल ने आरोप लगाया कि एआई शिखर सम्मेलन जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन में बिना शर्ट पहने प्रदर्शनकारियों को भेजना देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने इस हरकत को कांग्रेस की ÷समझौतावादी विरासत÷ का विस्तार बताया और पूर्व कांग्रेस सरकारों के फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता से जुड़े कथित प्रस्ताव, राजीव गांधी के समय हुए बोफोर्स तोप सौदे विवाद और इंदिरा गांधी के दौरान कच्चातीवू समझौते का उल्लेख कर कांग्रेस पर राष्ट्रीय हितों से समझौते के आरोप लगाए।



वहीं केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी राहुल गांधी की 2024 की अमेरिका यात्रा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र पर चर्चा के नाम पर हुई इस यात्रा में इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल से जुड़े कार्यकर्ताओं और अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से कथित रूप से जुड़े नेटवर्क के लोगों से मुलाकात ने संदेह पैदा किया। केंद्रीय मंत्री जोशी ने दावा किया कि इन मुलाकातों में कतर की कथित मध्यस्थ भूमिका रही। दूसरी ओर, भारतीय युवा कांग्रेस ने अपने विरोध का बचाव करते हुए कहा कि उनके कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, जिन पर एआई समिट में देश की पहचान से समझौता करने का आरोप लगाया गया। भारत मंडपम में हुए इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी शर्ट उतारकर असहमति जताई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस पूरे घटनाक्रम ने भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति को एक बार फिर तेज कर दिया है, जहां दोनों दल राष्ट्रीय हित, पारदर्शिता और वैश्विक छवि के मुद्दे पर आमने-सामने हैं।

## रोहित पवार का बड़ा आरोप, मुंबई पुलिस ने अजित विमान हादसे पर एफआईआर से किया इंकार

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी शरद गुट के नेता और स्व.अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने अजीत दादा के विमान हादसे के मामले में एफआईआर दर्ज ना करने को लेकर गंभीर आरोप लगाए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे थे, लेकिन उनका दावा है कि मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिकायत दर्ज करने से इंकार किया।

एनसीपी नेता पवार ने बताया कि पुलिस स्टेशन में कनिष्ठ अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मौजूद थे, जिनके पास एफआईआर दर्ज करने का अधिकार है। बातचीत के बाद अधिकारी लैपटॉप लेकर आए और एफआईआर प्रिंट करने की प्रक्रिया शुरू की। तभी अतिरिक्त डीसीपी स्तर के एक वरिष्ठ अधिकारी वहां पहुंचे और एफआईआर दर्ज करने से इंकार किया। रोहित पवार ने कहा कि नए कानून के तहत किसी भी संज्ञेय अपराध में एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है और यह प्रत्येक नागरिक का अधिकार है।



पुलिस स्टेशन जाने से पहले उन्होंने कहा था कि प्रस्तावित एफआईआर कई पक्षों के खिलाफ है, जिसमें वीएसआर के सहयोगी,डीजीसीए के संबंधित अधिकारी, उड़ान को मंजूरी देने वाली कंपनी एरो तथा राज्य सरकार से जुड़े एरो समूह के अधिकारी शामिल हैं। एक पांचवीं एफआईआर में नाम गोपनीय रखने की बात कही गई है, क्योंकि कुछ लोग आपराधिक साजिश मान रहे हैं। रोहित पवार ने वीएसआर कंपनी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू के बीच कथित संबंधों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि वीएसआर के भाजपा नेताओं, विशेषकर बीजेपी से जुड़े लोगों के साथ करीबी संबंधों के कारण सीधे कार्रवाई नहीं की गई।

# भारतीयों में बढ़ा परोपकार का जज्बा: 540 अरब डॉलर पहुंचा दान का बाजार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। भारत में परोपकार और दान देने की संस्कृति न केवल समृद्ध हो रही है, बल्कि यह एक विशाल बाजार के रूप में उभर रही है। एक नवीनतम अध्ययन के अनुसार, देश में परोपकार के बाजार का आकार वर्ष 2023 के 370 अरब डॉलर से प्रभावशाली बढ़त दर्ज करते हुए अब 540 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यह वृद्धि न केवल आर्थिक संपन्नता को दर्शाती है, बल्कि समाज के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी के बढ़ते भाव को भी रेखांकित करती है। अशोक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर सोशल इम्पैक्ट ऐंड द फिलैंथ्रॉपी (सीएसआईपी) द्वारा हाऊ इंडिया गिव्स~2025-26 शीर्षक से जारी रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि भारत में दान का प्रवाह केवल बड़े कॉरपोरेट घरानों की सीएसआर गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें आम घरों से आने वाले निरंतर और गुमनाम दान की बहुत बड़ी भूमिका है।

इस अध्ययन की सबसे प्रेरक बात यह है कि दान देने वालों में केवल अमीर तबका ही शामिल नहीं है, बल्कि सीमित संसाधनों वाले लोग भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि 8,000 रुपये प्रति माह से कम आय वाले परिवारों में भी दान करने की प्रवृत्ति निरंतर बनी हुई है। यहाँ तक कि 4,000 से 5,000 रुपये के न्यूनतम मासिक उपभोग स्तर वाले आधे परिवार भी नियमित रूप से दान करते हैं। जैसे-जैसे आय और उपभोग का स्तर बढ़ता है, दान में भागीदारी का यह स्तर 70 से 80 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। यह आंकड़ा इस धारणा को तोड़ता है कि परोपकार केवल विलासिता का हिस्सा है; यह भारतीय समाज की जड़ों में रची-बसी एक अनिवार्य आदत के रूप में उभरा है।

सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 68 प्रतिशत भारतीय किसी न किसी रूप में परोपकारी कार्यों से जुड़े हैं। इनमें से 48 प्रतिशत लोग वस्तु के रूप में दान करना पसंद करते हैं, जिसमें भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यक घरेलू सामान शामिल हैं। वहीं, 44 प्रतिशत लोग नकद दान के माध्यम से मदद पहुंचाते हैं और 30 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो विभिन्न गैर-लाभकारी संस्थाओं या धार्मिक समूहों के साथ स्वयंसेवक के रूप में अपना समय और श्रम दान करते हैं। हालांकि धार्मिक संगठनों और जरूरतमंदों को प्रत्यक्ष रूप से की जाने वाली मदद अभी भी सबसे बड़ा हिस्सा है, लेकिन अब सामाजिक कारणों के लिए दान देने की प्रवृत्ति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो एक परिपक्व समाज का संकेत है। यह व्यापक सर्वेक्षण देश के 20 राज्यों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 7,000 लोगों के बीच किया गया। इस अध्ययन का आधार राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) के उपभोग डेटा को बनाया गया, जिससे रोजमर्रा के दानदाताओं का सटीक प्रोफाइल तैयार करने में मदद मिली। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जिस तरह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और घरेलू उपभोग में वृद्धि हो रही है, आने वाले समय में रोजमर्रा के दान का यह क्षेत्र और अधिक संगठित और विस्तृत होगा। यह रिपोर्ट साबित करती है कि परोपकार का भारतीय मॉडल व्यक्तिगत करुणा और सामुदायिक जुड़ाव पर टिका है, जहाँ हर वर्ग अपनी क्षमता अनुसार समाज के उत्थान में योगदान दे रहा है।

भीलवाड़ा में 'मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर' विषय पर आयोजित इंटरैक्टिव सेशन का सफल आयोजन

# राजस्थान और मध्यप्रदेश हैं परस्पर प्रगति के प्राकृतिक सहयोगी - डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने पार्वती, कालीसिंध व चंबल योजना (पीकेसी) के तहत राजस्थान में जल वितरण पर व्यक्त किये सकारात्मक विचार

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा / 7 नदियों का मायका है मध्यप्रदेश, चंबल का पानी राजस्थान को वितरण करने पर मध्यप्रदेश सदैव सहयोग व कार्ययोजना के लिए तत्पर है। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भीलवाड़ा के औरियम रिसोर्ट में 'मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर' विषय पर आयोजित इंटरएक्टिव सेशन में कही। उन्होंने मध्यप्रदेश और राज-स्थान के बीच चंबल के पानी के बंटवारे पर पूर्व में चल रहे विवाद का उदाहरण देते हुए कहा कि सहयोग और समझौते से दोनों राज्यों का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश व राजस्थान दोनों सरकार मिलकर जनसेवा व विकास के लिए सदैव तैयार है एवं आगामी समय में राजस्थान को जल वितरण का कार्य किए जाने हेतु प्रयासरत है।

'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' का सफल आयोजन किया गया। सत्र में भीलवाड़ा एवं राजस्थान के 250 से अधिक विभिन्न औद्योगिक समूहों, टेक्सटाइल उद्यमियों तथा निवेशकों ने भाग लिया।

यह विशेष संवाद सत्र भीलवाड़ा एवं आसपास के प्रमुख औद्योगिक समूहों, टेक्सटाइल उद्यमियों तथा निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों, औद्योगिक अधोसंरचना, नई नीतियों एवं प्रोत्साहन योजनाओं से सीधे अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात स्वागत भाषण में डॉ. एस.एन. मोदानी (चेयरमैन, ''ह्रू) ने मध्यप्रदेश की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की और कहा कि एमपी का ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस मॉडल उद्योगों को आश्वस्त, सक्षम और प्रतिस्पर्धी वातावरण प्रदान करता है। इसी क्रम में अपने संबोधन में श्री आर.के. जैन (सचिव, मारवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स) ने एमपी प्रशासन की त्वरित, उत्तरदायी और उद्योग हितैषी कार्यशैली की प्रशंसा की तथा नीमच क्षेत्र में टेक्निकल टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट पार्क विकसित करने का सुझाव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार पारदर्शी, सरल और निवेश अनुकूल वातावरण सुनिश्चित कर रही है तथा बड़े निवेश प्रस्तावों को विशेष कस्टमाइज्ड प्रोत्साहन कैबिनेट कमिटी ऑन इन्वेस्टमेंट प्रमोशन (ष्टष्टढ्ढक्क) के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने राजस्थान मध्यप्रदेश के औद्योगिक सहयोग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों राज्य परस्पर प्रगति के प्राकृतिक सहयोगी हैं, और उन्होंने उद्योगपतियों से राजस्थान में निवेश जारी रखते हुए मध्यप्रदेश में भी निवेश करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर ऑडियो विजुअल प्रस्तुति प्रदर्शित की गई तथा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग तथा एमएसएमई विभाग, मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, आईएएस द्वारा राज्य की औद्योगिक नीतियों, मल्टीप्लायर आधारित प्रोत्साहनों, निवेश सहायता, निर्यात फ्रेट सब्सिडी, तकनीकी सपोर्ट , सेक्टर स्पेसिफिक पैकेज तथा इंदौर के पीएम मित्र पार्क, रतलाम का मेगा इन्वेस्टमेंट पार्क, उज्जैन का मेडिकल डिवाइस पार्क और सागर के मसवासी ग्रांट औद्योगिक क्षेत्र जैसे नए औद्योगिक अवसरों पर विस्तृत प्रेसेंटेशन दिया। कार्यक्रम में ओस्तवाल ग्रुप के एमडी श्री पंकज ओस्तवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके पश्चात औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग तथा एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव, श्री राघवेंद्र कुमार सिंह एवं एमपीआईडीसी के प्रमुख अधिकारियों द्वारा 10 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन टू वन मीटिंग्स की गई, जिनमें टेक्सटाइल, ऊर्जा, उर्वरक, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों के संभावित निवेश प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई। मध्यप्रदेश शासन का उद्देश्य भीलवाड़ा सहित राजस्थान के औद्योगिक समूहों को राज्य के निकटवर्ती और रणनीतिक औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़कर नए निवेश अवसर उपलब्ध कराना है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी, सिंगल विंडो अनुमोदन तथा नीति आधारित विशेष प्रोत्साहनों से उद्योगों को अवगत कराया गया ताकि वे शीघ्र निवेश निर्णय लेकर अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

मध्यप्रदेश टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, आईटी/आईटीईएस, फार्मा, पेट्रोकेमिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। विकसित औद्योगिक लैंड बैंक, सिंगल विंडो प्रणाली, श्रम सुधार, निर्यात सुविधा और नीति आधारित समर्थन निवेशकों को सुरक्षित, स्थिर और आकर्षक वातावरण प्रदान करते हैं। यह संवाद सत्र मध्यप्रदेश में निवेश सहयोग के नए द्वार खोलते हुए औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति को नई दिशा और गति प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद भीलवाड़ा श्री दामोदर अग्रवाल, जनप्रतिनिधि श्री प्रशांत मेवाडा, संगम ग्रुप के चेयरमैन श्री आर.पी. सोनी, नितिन स्पिनर्स के एमडी श्री दिनेश नोलखा, ओस्तवाल समूह के एमडी श्री पंकज ओस्तवाल, आर सी एम ग्रुप के चेयरमैन श्री त्रिलोक छाबड़ा, मारवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अनिल मिश्रा सहित अनेक प्रमुख उद्योगपति एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध बजरी परिवहन करते हुये 3 आरोपी गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

पोटला चन्द्रभागा नदी में विभिन्न स्थानो में दिनांक 26 फरवरी को अवैध बजरी परिवहन करते 3 टैक्ट्रर मय ट्रोली जप्त कर तीन आरोपीयो को किया गया गिरफ्तार।

गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि धर्मेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक भीलवाडा द्वारा जिले में अवैध बजरी परिवहन व भण्डारण के खिलाफ कार्यवाही एंव अपराधिक गतिविधियो पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिस पर बुद्धराज अति. पुलिस अधीक्षक सहाडा के निर्देशन व सुदर्शन पालीवाल वृत्ताधिकारी गंगापुर के सुपरविजन में टीम गठित कर आसूचना संकलित कर चन्द्रभागा नदी में विभिन्न स्थानो में दिनांक 26 फरवरी को अवैध बजरी परिवहन करते 3 टैक्ट्रर मय ट्रोली जप्त कर तीन आरोपीयो को किया गया गिरफतार।

अर्जुनलाल उप निरीक्षक मय जाप्ता के दौराने गश्त सरहद पोटला में अवैध बजरी परिवहन करते हुये मुलजिम सोनु पिता सुरेश जाति चमार उम्र 36 साल निवासी पोटला थाना गंगापुर को गिरफतार कर अवैध बजरी भरे टैक्ट्रर मय ट्रोली को मुलजिम के कब्जे से जप्त किया।

कन्हैयालाल हैड कांस्टेबल मय जाप्ता के दौराने गश्त सरहद पोटला में अवैध बजरी परिवहन करते हुये रतन लाल पिता बद्री लाल जाट उम्र 36 साल निवासी पोटला थाना गंगापुर को गिरफतार कर अवैध बजरी भरे टैक्ट्रर मय ट्रोली को मुलजिम के कब्जे से जप्त किया। नरेन्द्र कुमार सउनि मय जाप्ता के दौराने गश्त सरहद पोटला में अवैध बजरी परिवहन करते हुये देवीलाल पिता मोहनलाल नायक उम्प्र 37 साल निवासी नई नगरी पोटला थाना गंगापुर को गिरफतार कर अवैध बजरी भरे टैक्ट्रर मय ट्रोली को मुलजिम के कब्जे से जप्त किया। जिस पर प्रकरण धारा 303(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# मसानिया भैरवनाथ मंदिर में दहकेगी चिता भस्म की होली, अनूठी परंपरा का साक्षी बनेगा पंचमुखी मोक्षधाम





स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा के पंचमुखी मुक्तिधाम स्थित प्राचीन मसानिया भैरवनाथ मंदिर में इस वर्ष भी होली का पर्व बेहद अनूठे और आध्यात्मिक रूप में मनाया जाएगा। आगामी 2 मार्च को होलिका दहन के पावन अवसर पर यहाँ चिता भस्म से होली खेलने की सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। तंत्र साधना और अघोर परंपरा के प्रतीक भगवान भैरवनाथ के दरबार में होने वाला यह आयोजन प्रदेशभर में कौतूहल और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। श्री मसानिया भैरवनाथ विकास समिति के अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि मंदिर में होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात्रि 9.00 बजे निर्धारित किया गया है। इस दौरान पारंपरिक रूप से कंडों (उपलों) की होली जलाई जाएगी। दहन के पश्चात, मध्य रात्रि 12.00 बजे मुख्य आयोजन शुरू होगा, जिसमें श्रद्धालु और साधक ताजी चिता की भस्म से एक-दूसरे के साथ होली खेलेंगे। मसानिया भैरवनाथ मंदिर में चिता भस्म से होली खेलने की परंपरा पिछले कई दशकों से अटूट रूप से चली आ रही है। भगवान शिव और उनके अवतार भैरवनाथ को श्मशान का अधिपति माना जाता है। चिता की भस्म को अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि भस्म से होली खेलना संसार की नश्वरता को स्वीकार करने और अहंकार को त्यागने का प्रतीक है। जहाँ सामान्य तौर पर लोग श्मशान जाने से कतराते हैं, वहीं इस दिन हजारों की संख्या में भक्त मुक्तिधाम पहुँचकर गुलाल की जगह चिता की राख से सराबोर होते हैं। यह आयोजन जीवन और मृत्यु के बीच के भय को समाप्त करने का संदेश देता है। अध्यक्ष सोलंकी के अनुसार, इस आयोजन की भव्यता हर साल बढ़ रही है। न केवल भीलवाड़ा बल्कि आस-पास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनने पहुँचते हैं। मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि इस आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव में सम्मिलित होकर मसानिया भैरवनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस प्राचीन परंपरा को सफल बनाएं। यह आयोजन भीलवाड़ा की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को दर्शाता है, जहाँ होली का उत्सव केवल रंगों तक सीमित न रहकर आध्यात्मिक गहराई तक उतर जाता है।

# काशीपुरी धाम हुआ 'अखंड ज्योत है अपर माया, श्याम देव की प्रबल छाया' से गूंजायमान

## आज निकलेगी भव्य निशान यात्रा, सायंकाल 'श्याम मनोहर' कीर्तन का होगा आयोजन

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित दुर्गामी अखंड ज्योत पाठ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। 'अखंड ज्योत है अपर माया, श्याम देव की प्रबल छाया' के जयघोष से संपूर्ण धाम गूंजायमान हो उठा। अखंड ज्योत पाठ का शुभारंभ जजमान मांगीलाल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, गोपाल बंसल, हरिराम शर्मा एवं संजय विजयवर्गीय द्वारा विधि-विधान से किया गया। पूजा विधि पुजारी रूपेंद्र शुक्ला द्वारा संपन्न कराई गई तथा अखंड ज्योत प्रज्वलित कर पाठ प्रारंभ किया गया। पाठ वाचन स्नेह पाठक (भीलवाड़ा) द्वारा किया गया। बाबा श्याम का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार पुजारी रूपेंद्र शुक्ला एवं रवि पंडित द्वारा किया गया। मंदिर परिसर को खाटू धाम की तर्ज पर कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा भव्य रूप में सजाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभूति हुई। समिति अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि 27 फरवरी को प्रातः भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा एवं संकीर्तन होगा। सायंकाल 'श्याम मनोहर' भव्य कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चंडीगढ़ से पधार रहे भजन गायक मोनू दुआ एवं भोपाल से पंकज पांचाल अपने मधुर एवं भक्तिमय भजनों द्वारा बाबा को रिझाएंगे और श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि निशान यात्रा आस्था और समर्पण का प्रतीक है। निशान अर्पण के माध्यम से भक्त अपने जीवन की मंगलकामनाएं बाबा के चरणों में समर्पित करते हैं। सभी कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया पर लाइव किया जाएगा, जिससे देश-विदेश में बसे श्याम भक्त भी जुड़ सकें। श्री श्याम सेवा समिति के सभी सदस्य निशान यात्रा एवं महोत्सव की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। समिति ने सभी श्याम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रमों को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

# कृपलानी ने बनाया विधानसभा में सर्वाधिक उपस्थिति का रिकॉर्ड


**निम्बाहेड़ा।** प्रदेश की राजधानी में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में विधानसभा सत्र के दौरान सक्रियता और उपस्थिति को लेकर चर्चा हुई, जिसमें पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी को सदन में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने पर विशेष रूप से सराहना की गई।

मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि की नियमित उपस्थिति उसकी जवाबदेही और प्रतिबद्धता का प्रतीक होती है। उन्होंने कृपलानी की निरंतर उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य विधायकों के लिए प्रेरणादायक बताया। जानकारी के अनुसार हालिया विधानसभा सत्र के दौरान कृपलानी ने लगभग प्रत्येक कार्यदिवस में भाग लेकर क्षेत्र की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से सदन में उठाया।

# झपकी आने से होटल पर खड़े ट्रक में घुसी ब्रेजा कार

## 2 गंभीर घायल, भीलवाड़ा रेफर

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** भीम उनियारा राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी पर गुरुवार अल सुबह 5 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।हादसे में 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए,हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए।जानकारी के अनुसार भीम उनियारा राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी पर फुलिया कलां थाना क्षेत्र के बडला चौराहे के निकट स्थित जगदम्बा होटल पर खड़े ट्रक में ब्रेजा कार घुस गई।प्रथम दृष्टया जानकारी में आया कि शाहपुरा की तरफ से आ रही कार में 2 युवक सवार थे।हादसे में सांवर लाल पुत्र संतोष पूरी नींवासी बावड़ी तथा छोटू लाल पुत्र रोडू बेरवा निवासी सूरजपुरा टोड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए,एक युवक के सिर में गंभीर चोटे आई तथा दूसरे के दोनों पांव टूट गए। प्रथम दृष्टया कार सवार चालक को नींद की जपकी आने से हादसा होने की जानकारी सामने आई है।सूचना पर फुलिया कलां से एंबुलेंस चालक बाबू लाल तेली एवं ईएनटी शांति लाल मौक पर पहुंच तथा दोनों घायलों को गुलाबपुरा चिकित्सालय पहुंचाया।जहां से गंभीर होने पर भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

# बनेड़ा में चला पालिका का पीला पंजा

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा



जिला कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के तहत नगर पालिका टीम द्वारा गुरुवार प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियां जब्त करने के साथ ही अवैध अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाया गया। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश चन्द्र तेली कनिष्ठ सहायक किशन लाल खटीक मय पुलिस जाब्ते के साथ एस एच 39 ए पर स्थित पथवारी चोराहे पर सडक के अतिक्रमण कर किए गए पक्के निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किए गए। नगरपालिका प्रशासन की अतिक्रमियो के खिलाफ शुरू किए अभियान से अतिक्रमियो मे खलबली मच गई है। ईओ तेली का कहना है। गुरुवार को भी अतिक्रमियो को अपने अपने अतिक्रमण स्वत हटाने की चेतावनी दी गई है। उसके बाद भी अगर अतिक्रमियो द्वारा अपने अतिक्रमण नहीं हटाए गए। नगरपालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

# श्री जोगणिया माता के परिसर में सांस्कृतिक संध्या व राष्ट्रीय कवि गोष्ठी का सफल आयोजन

स्मार्ट हलचल





**लाडपुरा।** चित्तौड़गढ़ लिटरेचर फेस्टिवल 2026 के अंतर्गत श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान द्वारा दिनांक 25 फरवरी 2026 को रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक एक भव्य सांस्कृतिक संध्या एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

'धर्म, संस्कृति, पर्यावरण एवं साहित्य' जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में देशभर से पधारे विद्वान जनों ने अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का आयोजन निर्माणाधीन नवग्रह नक्षत्र वाटिका, श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ परिसर के सुसज्जित एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय श्रद्धालु एवं साहित्यप्रेमी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संस्थान के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण जोशी ने आत्मीय स्वागत भाषण में जोगणिया माता मंदिर के गौरवशाली इतिहास एवं लोक-प्रचलित कथाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए मां की महिमा का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने सभी अतिथियों, कवियों एवं कलाकारों का उपरणा, स्मृति चिन्ह एवं जोगणिया माता का प्रसाद भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का सुघड़ एवं प्रभावी संचालन उदयपुर की वरिष्ठ कवयित्री एवं मंच संचालक डॉ. शकुंतला सरूपरिया द्वारा किया गया।

श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हापुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अर्जुन चव्हाण उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नीमच के सुप्रसिद्ध ग़ज़लकार प्रमोद रामावत, बिजनौर से पधारी शिक्षाविद् एवं कवयित्री डॉ. सारंगा देश 'असीम' तथा प्रधानमंत्री कार्यालय के मुख्य पत्रकार, कवि एवं लेखक श्री किशन रतनानी शामिल रहे।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ जयपुर से आई तान्या जैन द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कथक नृत्य से हुआ। तत्पश्चात डॉ. राखी सिंह कटियार (वडोदरा), श्रीमती वंदना योगी (नीमच), डॉ. शकुंतला सरूपरिया (उदयपुर) डॉ. वीना जोशी (जयपुर), अवधेश जौहरी, डॉ. अर्जुन चव्हाण, प्रमोद रामावत, डॉ. सारंगा देश 'असीम' एवं श्री किशन रतनानी सहित अन्य साहित्यकारों ने गीत, ग़ज़ल एवं कविता पाठ से काव्य गोष्ठी को गरिमा प्रदान की।

भारतीय एवं राजस्थानी संस्कृति को समर्पित इस कार्यक्रम में सुश्री प्रियांशी ने 'मोहे छेड़ो नंदलाल' गीत पर फागुन कथक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। सुश्री भव्या जोशी ने राजस्थानी लोकगीत 'और रंग दे रे म्हाने और रंग दे' पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया। एस.के. इवेंट्स की ओर से श्री लक्ष्मी लाल रावल ने भवई लोकनृत्य के अद्भुत करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

धर्म, संस्कृति, पर्यावरण एवं साहित्य के समन्वित स्वरूप को समर्पित यह सांस्कृतिक संध्या श्रद्धा, साहित्य और लोककला का सुंदर संगम सिद्ध हुई। साथ ही अवसर पर साबलिया महादेव के महंत श्री राम मुनि जी महाराज, बेगू थानाप्रभारी श्री कमलचंद जी मीणा, डॉ सतीश जी शर्मा, रमेश जी गुर्जर,डॉ श्यामबिहारी जी दिनकर, हरीश जी सोमपुरा, लेखाकार धनराज जी छीपा संस्थान के सदस्यगण, श्रोतागण मौजूद रहा।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महुआ में निशुल्क साइकिल वितरित



स्मार्ट हलचल

**महुआ।** कस्बे में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9 वी कक्षा की छात्राओं को निशुल्क 37 साइकिल वितरित की गई कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महुआ मंडल उपाध्यक्ष रणवीर सिंह शक्तावत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापत, समाजसेवी कृष्ण गोपाल सिंह शक्तावत,बनवारी लाल धाकड़ उपस्थत रहे। मंडल उपाध्यक्ष रणवीर सिंह उद्बोधन द्वारा सभी छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान संस्था प्रधान नाथू लाल मीणा, अंशुल शर्मा,बालू लाल, रामेश्वर माली, कुलदीप कोली और सभी स्टॉफ गण सहित सभी छात्र व छात्राये मौजूद रहे।

# 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत, राजस्थान के स्कूल में खेलते समय गिरी, बड़े भाई की भी ऐसे ही जान गई थी

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** राजस्थान के नागौर के प्राइवेट स्कूल में 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह ग्राउंड में खेलते समय गिर गई थी।स्कूल स्टाफ उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना नागौर के गोटन कस्बे के गोटन इंटरनेशनल स्कूल में 23 फरवरी की सुबह करीब 7.48 बजे हुई थी। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। छात्रा के बड़े भाई की भी 4 महीने पहले ऐसे ही हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।



स्कूल डायरेक्टर रामकुंवार ओला ने बताया-तालनपुर के रहने वाले राजेंद्र बापेडिया की बेटी दिव्या पांचवीं क्लास की स्टूडेंट थी। सामान्य दिनों की तरह 23 फरवरी की सुबह भी स्कूल आई थी। प्रेयर (प्रार्थना) होने में अभी समय था। इस दौरान कुछ बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। इसमें दिव्या भी शामिल थी। खेलते समय अचानक दिव्या बेहोश होकर गिर पड़ी। ओला ने बताया कि इससे अफरा-तफरी मच गई। परिवार वालों को सूचना देने के साथ ही स्कूल स्टाफ ने दिव्या को संभाला। बिना देर किए गोटन के राजकीय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। तब तक उसकी जान जा चुकी थी।





## चार महीने पहले भाई की भी ऐसे ही मौत हुई थी

परिजनों ने बताया कि दिव्या के बड़े भाई अभिषेक की मौत भी इसी तरह हुई थी। 9 सितंबर 2025 को घर पर ही खेलते समय अचानक बेहोश हो गया था। उसे तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया था।

## घरवालों ने पोस्टमॉर्टम नहीं कराया

डॉक्टर्स के अनुसार, दिव्या के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं थे। प्राथमिक जांच में कार्डियक अरेस्ट से मौत होना माना गया है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया था। फिर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

शॉर्ट सर्किट से गोदाम में लगी भीषण आग

# स्कूटी व करीब ढाई लाख की मोबाइल एसेसरीज जलकर हुई खाक



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाष नगर क्षेत्र में बुधवार रात्रि करीब 11 - 11.30 बजे एक मकान में बने गोदाम में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। इस अग्निकांड में एक स्कूटी सहित करीब ढाई लाख रुपये मूल्य की मोबाइल एसेसरीज जलकर खाक हो गई।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के घरों में रहने वाले लोग दहशत के मारे बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार, सुभाष नगर में रामलाल जाट के मकान में नीरज कचोलिया किराए पर रहते हैं। उन्होंने मकान के एक हिस्से को गोदाम के रूप में इस्तेमाल कर रखा था। बताया जा रहा है कि बीती रात गोदाम में लगी पानी की मोटर में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें पूरे मकान में फैल गईं।

पीड़ित नीरज कचोलिया ने बताया कि इस आगजनी में वहां खड़ी उनकी स्कूटी पूरी तरह जल गई। इसके साथ ही गोदाम में रखी करीब ढाई लाख रुपये की मोबाइल एसेसरीज और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद देर रात आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक रूप से भारी नुकसान हुआ है।

# अवैध खनन रोकने व पहाड़ियों के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद

जिला कलक्टर ने किया ईसवाल और लोसिंग क्षेत्र का दौरा
अवैध खनन की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई की ली जानकारी



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर में अवैध खनन पर सख्ती और अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जिला कलक्टर नमित मेहता स्वयं इसकी नियमित निगरानी कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को जिला कलक्टर ने बड़गांव उपखंड अंतर्गत ईसवाल एवं लोसिंग क्षेत्र का औचक दौरा कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस दौरान उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन भी उनके साथ रहे।

संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री मेहता तथा आयुक्त श्री जैन गुरूवार शाम बड़गांव क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार से क्षेत्र में अब तक की गई कार्रवाई, जब्ती, एफआईआर, सीज की गई मशीनरी तथा निगरानी तंत्र की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

लोसिंग तालाब की पाल का भी किया अवलोकन

दौरे के दौरान कलेक्टर मेहता ने लोसिंग तालाब की पाल का निरीक्षण कर उसकी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उपखंड अधिकारी को आवश्यकतानुसार सौंदर्यीकरण कार्य करवाने, साफ-सफाई, हरियाली बढ़ाने तथा संरचनात्मक मजबूती के उपाय करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। इस दौरान बड़गांव उपखंड अधिकारी लतिका पालीवाल, तहसीलदार हितेश जोशी सहित यूडीए एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री की प्रस्तावित अजमेर यात्रा को लेकर कायड़ विश्रामस्थली परिधि क्षेत्र रेड जोन घोषित, 7 किलोमीटर परिधि को रेड जोन घोषित

## रेड जोन नो ड्रोन एरिया घोषित

स्मार्ट हलचल

अजमेर/माननीय प्रधानमंत्री की 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर यात्रा के मध्यनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा कायड़ विश्रामस्थली एवं उसके आसपास के 7 किलोमीटर परिधि क्षेत्र को अस्थायी रूप से रेड जोन नो ड्रोन एरिया घोषित किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि ड्रोन नियम 2021 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार कायड़ विश्रामस्थली की 7 किलोमीटर परिधि को रेड जोन घोषित किया जाता है। वहां किसी भी प्रकार के ड्रोन, यूएवी अथवा मानवरहित हवाई उपकरण के संचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने बताया कि यह आदेश गुरुवार को प्रातः 8 बजे से 28 फरवरी 2026 को सायं 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। निर्धारित अवधि के दौरान बिना सक्षम अनुमति के ड्रोन संचालन करने पर ड्रोन नियम 2021 तथा अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश जिला पुलिस अधीक्षक के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मोहर से विधिवत जारी किया गया है। जिला पुलिस एवं प्रशासन ने आमजन मीडिया प्रतिनिधियों, फोटोग्राफरों एवं ड्रोन संचालकों से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें तथा सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।

# मोटर ऑपरेटरो की हड़ताल से यात्रियों को हो रही भारी असुविधा:आक्या




स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने गुरूवार को विधानसभा में मोटर ऑपरेटरो की हड़ताल से यात्रियों को हो रही असुविधा का मुद्दा उठाते हुए सरकार से इस समस्या का शिघ्र समाधान कराने की मांग की। विधायक आक्या ने गुरूवार को विधानसभा में राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया एवं कार्यसंचालन के नियमों के नियम 50 के अन्तर्गत स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा की मोटर ऑपरेटरो की हड़ताल के कारण तीस हजार प्राइवेट बसे बंद हो गई है, जिससे राजस्थान की जनता आज बड़ी विकट स्थिति से गुजर रही है। उन्होने कहा की सामान्य दिवस में प्रदेश में तेंतीस हजार प्राइवेट बसे सड़को पर दोड़ती है, मोटर ऑपरेटरो की हड़ताल से आज राजस्थान की जनता को मात्र तीन हजार रोड़वेज बसों के भरोसे छोड़ दिया गया है। प्रतिदिन लाखो की संख्या में मजदूर, शहरी, ग्रामीण, विद्यार्थी इन प्राइवेट बसो में यात्रा करते है। आर.टी.ओ, डी.टी.ओ और परिवहन विभाग द्वारा प्राइवेट बसों पर एक से दो लाख के भारी भरकम चालान बनाए जा रहे हैं तथा धारा 153 और 119 जो कि पहले से ही क्रियान्वित है का सहारा लेकर प्राइवेट बस वालों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस विकट स्थिति के कारण आज लाखों यात्रीगण परेशान हो रहे हैं साथ ही राजस्थान का रोजगार और पर्यटन भी प्रभावित हो रहा है। विश्व प्रसिद्ध खाटूश्यामजी मेला इस हड़ताल से बहुत प्रभावित हो रहा हैं। उन्होने सरकार से इस समस्या का शीघ्र समाधान करा आमजन को राहत पहुचाने का आग्रह किया।

विधायक आक्या ने कहा की अन्य राज्यो की पंजीक्रृत पांच सीटर, सात सीटर छोटी गाड़ीयो जिनपर सामान रखने हेतु केरियर लगा होता है, उनके राजस्थान सीमा में प्रवेश पर परिवहन विभाग द्वारा छह से सात हजार रूपये का चालान बना दिया जाता है। सरकार को इस ओर ध्यान देते हुए ऐसी गाड़ियो के चालान नही बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

भारत विकास परिषद विवेकानंद की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित

# भीलवाड़ा को दिव्यांग मुक्त बनाने का संकल्प, सालभर सलाहकार बनकर मदद करेगी भारत विकास परिषद

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद विवेकानंद की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक माहेश्वरी भवन में आयोजित की गई। अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल एवं सचिव केजी सोनी ने बताया कि बैठक में परिषद के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आगामी वर्ष में भीलवाड़ा जिले को पूर्णतः दिव्यांग मुक्त बनाया जाएगा। इसके तहत जिले के प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए परिषद वर्ष पर्यंत एक सजग सलाहकार की भूमिका निभाएगी। बैठक में 12 से 14 फरवरी तक रामधाम के पीछे, काशीपुरी स्थित वकील कॉलोनी के माहेश्वरी भवन में आयोजित हुए दिव्यांग सहायता महाकुंभ की सफलता की समीक्षा की गई। शाखा के वरिष्ठ सदस्य गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि शिविर के दौरान सैकड़ों दिव्यांगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया। अब परिषद का लक्ष्य है कि जिले के सभी दिव्यांगों को सूचीबद्ध कर उनका डेटाबेस तैयार किया जाए, ताकि उन्हें सरकारी व सामाजिक योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। परिषद ने निर्णय लिया है कि केवल शिविर तक ही सेवा सीमित नहीं रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से यह तय किया गया कि दिव्यांगों को आगामी कार्यक्रमों और सरकारी योजनाओं की जानकारी निरंतर दी जाएगी। परिषद के सदस्य दिव्यांगों के लिए व्यक्तिगत सलाहकार के रूप में कार्य करेंगे। समीक्षा बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर सेवा का संकल्प दोहराया। बैठक में रजनीकांत आचार्य, भैरूलाल अजमेरा सहित पदाधिकारी एवं महिला पदाधिकारी मौजूद रहे।



# कार से 46 किलो डोडाचूरा जब्त

**बेगूं।** जिले की पारसोली थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत नाकाबंदी के दौरान एक अल्टो के-10 कार से 46 किलो से अधिक अफीम डोडाचूरा जब्त किया, हालांकि कार्यवाही के दौरान चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।

जानकारी के अनुसार पारसोली थानाधिकारी ठाकराराम द्वारा जाप्ते के साथ चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर काटून्दा मोड़ के पास नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की अल्टो के 10 कार आती दिखाई दी, जिसके चालक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह नाकाबंदी तोड़कर भगाने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए स्टॉप स्टिक का इस्तेमाल करते हुए कार का बायां टायर पंक्चर कर दिया। इसके बाद भी चालक करीब एक किमी कार को भगाकर ले गया और कार को हाईवे किनारे छोड़कर खेतों में फरार हो गया। पुलिस द्वारा उसे तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस द्वारा कार की तलाशी लेने पर उसमें तीन प्लास्टिक के कट्टों में भरा 46 किलो 238 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा मिला।

# भीलवाड़ा में फिल्म 'Yadav Ji Ki Love Story' को लेकर यादव समाज ने जताई आपत्ति, फिल्म का प्रदर्शन रोकने की मांग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** 27 फरवरी 2026 को प्रदर्शित होने वाली फिल्म ङ्घड्ड-स्रड्ड1 छ्वद्ब चद्ब रुश्1द्र स्ह्लश्ह्म्4 को लेकर भीलवाड़ा में यादव (अहीर) समाज ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। समाज के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को शिकायत प्रस्तुत कर फिल्म के प्रदर्शन पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है।



समस्त यादव (अहीर) समाज, भीलवाड़ा के पदाधिकारियों की ओर से दी गई शिकायत में कहा गया है कि फिल्म के प्रचार-प्रसार, पोस्टर, ट्रेलर एवं सोशल मीडिया सामग्री से यह प्रतीत होता है कि इसमें यादव समाज को आपत्तिजनक एवं गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की प्रस्तुति से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों में रोष एवं असंतोष की स्थिति बन रही है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि फिल्म का प्रदर्शन बिना जांच के किया जाता है तो सामाजिक वैमनस्य एवं तनाव बढ़ सकता है। साथ ही विभिन्न समुदायों के बीच शांति भंग होने, कानून एवं व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने तथा सार्वजनिक अशांति फैलने की आशंका जताई गई है।

यादव समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उचित जांच कराई जाए तथा जांच पूर्ण होने तक फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि वे आवश्यक साक्ष्य, पोस्टर, सोशल मीडिया लिंक एवं अन्य संबंधित सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। समाज के पदाधिकारियों ने प्रशासन से इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

# फूलडोल मैले में आवंटित होने वाली अस्थाई दुकानों की लॉटरी निकाली



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा फूलडोल महोत्सव 2026 दिनांक 03.03.2026 से 08.03.2026 तक आयोजित होने जा रहा है जिसमें लगने वाली अस्थाई दुकानों के कुल 689 आवेदन पालिका को प्राप्त हुये। जिसमें से 222 अस्थाई दुकानों का आवंटन जरिये लॉटरी प्रक्रिया दिनांक 26.02.2026 को नगर पालिका सभा भवन में उपखण्ड़ अधिकारी एवं प्रशासक सुनिल कुमार मीणा के निर्देश में तहसीलदार भीमराव परिहार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शिवप्रकाश शर्मा, कमैटी सदस्य रमेश शर्मा, भरत सिंह, पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता एवं मैला प्रभारी कुलदीप जैन, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भारत कुमार वैष्णव द्वारा निकाली गई। जिसमें राजीविका-7, चुर्ण आचार-3, मणिहारी-42, खिलौना-27, चश्मा,बैल्ट,घडी, पर्स बैग-33, रेडीमेड-6, टेडीबीयर-3, अन्य-15 का आवंटन किया गया जो भीलवाड़ा रोड़ सडक के दोनों ओर लगाई जायेगी। तथा हॉयर सैकण्डरी स्कूल के अन्दर परिसर में नास्ता-52, आईस्क्रीम-25, अमेरीक भुट्टा-5, गन्ना चरखी-11 की अस्थाई दुकानों का आवंटन किया गया साथ ही इस वर्ष मेले में आने वाले समस्त प्रकार के झुल्ला-चकरी आदि हॉयर सैकण्डरी स्कूल के अन्दर परिसर में ही लगाये जायेंगे। जिस व्यक्ति को दुकान आवंटित हुयी है वह व्यक्ति किसी अन्य को दुकान विक्रय नही कर सकेंगे। अगर ऐसा पाया जाता है तो उक्त दुकान का आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा।

# भगवान से राग होने पर ही वैराग्य की दिशा तय होती है -जैन मुनि योग सागर जी महाराज




स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** साधु संतों के सत्संग से मानव जीवन का कल्याण संभव है वर्तमान में मनुष्य अंतरंग भाव से धर्म नहीं कर रहा है जिससे उसे वास्तविक फल नहीं मिल पाता है। भगवान से राग होने पर ही वैराग्य की दिशा तय होती है यह विचार दिगंबर जैन मुनि योग सागर महाराज ने गुरुवार को बिजोलिया दिगंबर जैन पारसनाथ तीर्थ क्षेत्र पर धर्म सभा में कहे उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में कम बोलना कम सोना इस पर भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

दिगंबर जैन मुनि वैराग्य सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य का जीवन बहुत दुर्लभ है इसमें धर्म को अंगीकार करना चाहिए और सांसारिक कार्यों में अधिक रुचि नहीं करनी चाहिए।

प्रवचन समाप्ति के पश्चात भीलवाड़ा आर के कॉलोनी से आए प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों ने भीलवाड़ा प्रवास के लिए निवेदन किया। बिजोलिया सकल दिगंबर जैन समाज ने बिजोलिया गांव के लिए निवेदन किया।

आचार्य विद्यासागर महाराज की पूजन का संगीत के साथ सुमित सेठिया और श्रद्धा ठग ने करवाया।

# माण्डल ग्राम पंचायत में फर्जी पट्टों का आरोप, जांच व निरस्तीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** ग्राम पंचायत माण्डल, पंचायत समिति माण्डल जिला भीलवाड़ा के ग्रामीणों ने सरपंच संजय भण्डिया एवं ग्राम विकास अधिकारी कजोड़मल गुर्जर पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत की मूल्यवान आबादी भूमि को नियम विरुद्ध तरीके से फर्जी पट्टे जारी कर खुर्द-बुर्द किया गया है।



ज्ञापन में बताया गया कि नेशनल हाईवे से सटी आबादी भूमि, जिनके आराजी नम्बर 110037/5785, 10128/5785 तथा मुख्य रास्ते से सटी आराजी नम्बर 8008, सार्वजनिक उपयोग व पंचायत के विकास कार्यों के लिए सुरक्षित छोड़ी गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में निरंतर बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए उक्त भूमि भविष्य में कॉलेज, एडीएम कार्यालय व अन्य शासकीय परियोजनाओं के लिए उपयुक्त थी।

आरोप है कि सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी ने कथित रूप से बिना निलामी प्रक्रिया अपनाए, बिना सार्वजनिक सूचना जारी किए तथा मौके पर कब्जा नहीं होने के बावजूद करीब 250 से 300 लोगों को नियम विरुद्ध पट्टे जारी कर दिए। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जिन व्यक्तियों को पट्टे दिए गए हैं, उनके पास पहले से मकान व अन्य संपत्तियां मौजूद हैं।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि हाईवे व मुख्य मार्ग से 500 मीटर की दूरी तक रियायती दर पर पट्टे जारी नहीं किए जा सकते, इसके बावजूद नियमों की अवहेलना की गई है। साथ ही फर्जी पट्टों का पंजीयन कराने की तैयारी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की है कि सरपंच के कार्यकाल में जारी सभी पट्टों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, फर्जी पाए जाने पर उन्हें निरस्त किया जाए तथा उनके पंजीयन पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही संबंधित सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी व अन्य दोषियों के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

मामले को लेकर ग्राम पंचायत क्षेत्र में रोष व्याप्त है और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# दक्ष हॉस्पिटल में इलाज नही गुंडागर्दी हो रही है: अटेंडर

# तूझे तमीज सीखा दूंगी, पहले पैसे दे फिर पेशेंट को छोडूंगी: डॉक्टर

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**शंभूपुरा।** सास ससुर को घर मे बहु की हरकतों पर शर्मिंदा होना पड़े ये आम बात हो सकती है लेकिन अगर एक सास ससुर को जो खुद डॉक्टर है जिनको अपने ही हॉस्पिटल में इतने लोगो मे बहु की हरकत से शर्मिंदगी महसूस हो तो यह बात सभी को अचंभित कर देगी।

ऐसा ही एक डॉक्टर बहु का हाई वोल्टेज ड्रामा अब सोशल मीडिया पर धड़ल्ले खूब वायरल हो रहा है, जिसमे शहर के वरिष्ठ डॉक्टर दम्पत्ति डॉ अरविंद सनाढ्य व डॉ प्रतिभा सनाढ्य जिनकी बहु भी डॉक्टर है, जो अपने हॉस्पिटल में भर्ती हुए पेशेंट के इलाज के बाद उसके पति के साथ ओछी भाषा का इस्तेमाल करते हुए बत्तमीजी करती नजर आ रही जिसका दो दिन से वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

मामला चित्तौड़ शहर के कुम्भानगर रेलवे फाटक के पास स्थित दक्ष हॉस्पिटल का है जहाँ शहर के ही गांधीनगर निवासी सोनु गिरी अपनी पत्नी को इलाज के लिए लेकर आया जिसको भर्ती की जरूरत नही होने के बाबजूद भर्ती किया गया, डिस्चार्ज के समय बिल मांगा तो नही दिया गया, जब बात बढ़ती दिखी तो बिल थमाया लेकिन वो भी तीन बार अलग अलग अमाउंट के बिल उन्हें दिए गए, जिसके बात बहस बढ़ गई, यह देख मामले को शांत करवाने के लिए डॉ अरविंद सनाढ्य खुद वहाँ आकर मामले को संभालने का प्रयास करते है लेकिन सोनु का कहना है कि डॉ अरविंद की बहु जो स्वयं को डॉक्टर बताती है वो आती है और हमारे साथ बत्तमीजी करने लगती है, उसने डॉक्टर होने के बाबजूद गुंडा मवाली वाली भाषा में बत्तमीजी करती रही, पुलिस को बुलाने की बात करती है, लेकिन हमारे कहने पर भी पुलिस बुलाती नही लेकिन बत्तमीजी करती रहती है।




## पति पत्नी की डिग्री की हो जांच

सोनु गिरी का कहना है कि डॉ दम्पत्ति के बेटे और उसकी पत्नी में डॉ जैसा कुछ भी नही है, ना इलाज करने का कोई सही तरीका ना ही बात करने का ढंग इसलिए हो सकता है इनकी डिग्री ही फर्जी हो सीएमएचओ साहब से निवेदन है एक कमेटी गठित कर इनकी डिग्री की जांच करवाएं।

## डॉ ने कहा भर्ती की जरूरत नही बहु ने कर दिया भर्ती

सोनु का कहना है कि जब पत्नी को हॉस्पिटल लेकर गया तो डॉ प्रतिभा ने कहा कि में कुछ मेडिसिन लिखकर दे रही हु भर्ती की आवश्यकता नही है लेकिन वहाँ उनकी डॉ बहु आती है और कहती है कि भर्ती करवाओ इसको भर्ती तो करना पड़ेगा, इस घटनाक्रम के बाद डॉ की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लग रहा है।

## तुझे तमीज सीखा दूंगी

कहते है डॉक्टर की बोली मरीज को ठीक कर देती है, लेकिन डॉक्टर की बोली प्यारी होने के बजाय मवाली जैसी हो तो बीमारी गम्भीर कर देती है, सोनु का कहना कि डॉ दम्पत्ति की बहु की ऐसी लेंग्वेज किसी हालत में भी डॉक्टर जैसी नही थी हम उनके सास ससुर का सम्मान करते इसलिए हमने विनम्रता से बात की, लेकिन उन्होंने तो बातचीत में ही अपना आपा खो दिया जो कभी कोई पेशेवर डॉक्टर तो नही करता है।

## पेशेंट को नही छोड़ेंगे, पहले पैसे जमा करवा

डॉ दम्पत्ति की डॉ बहु बोलती है पहले पैसे जमा करवा, पेशेंट को नही लेजा सकता है, मेने इलाज किया है पैसे लुंगी, जबकि उल्टा मरीज का पति बिल मांगते हुए पैसे देने की मिन्नते करता हुआ विडितो में साफ दिख रहा है।

## आयुष्मान के नाम पर बड़ा गड़बड़झाला

सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो और सोनू के द्वारा दी जानकारी के अनुसार इस हॉस्पिटल में बिलो में काफी गड़बड़झाला किया जा रहा है, आयुष्मान के नाम पर बिना धांधली हो रही है, यहाँ पेशेंट के बिना जरूरत भी आयुष्मान से बिल उठाने के लिए भर्ती रखा जाता है, सोनु ने कहा मुझे पहले 2 दिन में छुट्टी करने की बोला, जब डिस्चार्ज करने की बोला तो कहा आयुष्मान में 4 दिन भर्ती रखना पड़ेगा 2 दिन ओर भर्ती रहने दो। कही ना कही इस मामले के सामने आने के बाद इस हॉस्पिटल की गड़बड़ीया ओर अमानवीयता भी सामने आई है, वीडियो वायरल के बाद बड़ी संख्या में लोग भी हॉस्पिटल पर कार्यवाही की मांग करने लगे है, लेकिन अब देखना यह है कि क्या वास्तव में यहाँ हो रहे गलत बर्ताव ओर गलत सिस्टम पर उच्चाधिकारी कोई जांच कर कार्यवाही करेंगे या ये सब ऐसे ही चलता रहेगा यह तो समय के गर्त मैं है।

## हॉस्पिटल में काफी खामियां, कमेटी बिठाकर जांच होनी चाहिये

सोनु ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इन्होंने हॉस्पिटल को कमाई जा जरिया बना रखा है, गांव के भोलेभाले लोगो से लूट मचा रखी है, यहाँ कई खामियां है, जिसकी एक कमेटी गठित कर त्वरित जांच करवाई जानी चाइये।

---

# खेड़ारामपुर चोराये पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का किया स्वागत



स्मार्ट हलचल|खेड़ारामपुर

ताथेड़ भाजपा युवा मोर्चा मंत्री पवन सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को भांडाहेड़ा में शिलान्यास कार्यक्रम में जाते समय लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का खेड़ारामपुर चोराये पर रतन रेजीडेंसी पर 51 किलो की माला व दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का भी स्वागत सम्मान किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई।

इस दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

लोगो द्वारा लोकसभा अध्यक्ष बिरला को गांव में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

पवन सैनी द्वारा स्पीकर ओम बिरला को भोजपुरा गांव से झालीपुरा तक खेतों तक जाने का रास्ता खराब होने की समस्या से अवगत कराया एवं नवीन सड़क बनाने की मांग की व कलाल समाज द्वारा समाज के लिए भवन निर्माण कराने की मांग, इसके साथ भगवती कुशवाह ने बालिका स्कूल के लिए नवीन भवन निर्माण कराने मांग की जिस पर बिरला द्वारा समस्त समस्याओं को जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान देहात जिला मंत्री रामविलास सुमन, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, ताथेड़ मण्डल प्रतिनिधि प्रतापसिंह चौहान, जिला मीडिया सयोंजक नरेंद्र चौहान, महिला मण्डल अध्यक्ष भगवती कुशवाह, मंडल उपाध्यक्ष अटलबिहारी सुमन अक्षय सुमन, कलाल समाज अध्यक्ष राजू पारेता, मंत्री धनराज अजमेरा, सुनील मेघवाल, बादल नायक, हरिश राठौर , सीमा सुमन भरत गुर्जर, रमेश सैनी, अनिल पांचाल, दुर्गा शंकर सुमन, हरिप्रकाश पारेता, ओमप्रकाश सैनी, हरिओम नागर, ललित प्रजापति, नितिन सुमन, अरविंद सत्यनारायण सुमन नमन सैनी लेखराज मेघवाल. मनीष जांगिड़, ताराचंद सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# बीमा कंपनी के विरुद्ध 10 लाख का अवार्ड पारित

**चित्तौड़गढ़।** न्यायालय जिला स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सदस्य प्रदीप काबरा व दीप्ति सेठिया ने अपने एक निर्णय में टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी के विरूद्ध 10 लाख रुपये मय ब्याज व 5.5 हजार रुपये मानसिक संताप, अधिवक्ता व्यय अलग से दिये जाने का आदेश पारित किया।

प्रकरणानुसार राशमी तहसील की मरमी निवासी कैलाशी देवी पत्नी लालूराम वैष्णव ने अपने अधिवक्ता भगवतसिंह गिलुण्डिया, राजकुमार वैष्णव एवं कैलाश वैष्णव के जरिये न्यायालय में परिवाद पेश कर बताया कि परिवादिया के पति का इंडिया पोस्ट पैमेन्ट बैंक के मार्फत एक हजार रुपये प्रीमियम काट कर बीमा कम्पनी से दुर्घटना बीमा किया हुआ था। बीमा अवधि के दौरान ही बीमाधारक की खेत पर कृषि कार्य करने के दौरान स्टार्टर में करंट लगने से दुर्घटनावश मृत्यु हो गई। परिवादिया ने पोस्टमार्टम, रोजनामचा, पंचायतनामा आदि दस्तावेजों के साथ बैंक के जरिये बीमा कम्पनी में क्लेम फाइल पेश की।

---

# महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र ने की 305 विद्यार्थियों को 11.10 लाख की छात्रवृत्ति वितरित

## महावीर इंटरनेशनल संस्था ने पिछले 150 दिनों में 237 सेवा प्रकल्प पूर्ण किए

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र द्वारा शिक्षा एवं छात्रवृत्ति प्रकल्प के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 के लिए श्री वासुपूज्य दादाबाड़ी प्रांगण में आयोजित समारोह में 56 स्कूलों के 305 विद्यार्थियों को कुल 11,10,000 की छात्रवृत्ति वितरित की गई।

अध्यक्ष रविंद्र सुराणा ने बताया कि पिछले 48 वर्षों से संस्था विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम छोर तक सहायता पहुंचा रही है, जिसमें छात्रवृत्ति वितरण एक प्रमुख प्रकल्प है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीर राज लोढ़ा, विशिष्ट अतिथि वीर गौतम राठौड़, जॉन अध्यक्ष वीरा हंसा हिंगड़, दादावाड़ी ट्रस्ट के सचिव दलपत सिंह दोषी, ट्रस्टी सदस्य आर के चतुर, मातृ मंगल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र बया तथा केंद्र सदस्य वीर नाभि राज जैन की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत महावीर विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के साथ की गई। समारोह में लगभग 250 विद्यार्थियों एवं महावीर इंटरनेशनल के 100 से अधिक सदस्यों की उपस्थिति रही। छात्रवृत्ति वितरण में संस्था के 68 सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

अध्यक्ष ने जानकारी दी कि संस्था ने पिछले 150 दिनों में 237 सेवा प्रकल्प पूर्ण किए हैं, जिनमें 5 रक्तदान शिविर, 5 नेत्रदान, 1 देहदान, 5 निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर तथा 1 निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विगत 40 वर्षों से बाल एवं जनाना चिकित्सालय में बेबी किट, यूटेंसिल, पेटीकोट, बच्चों के कपड़े, स्वेटर, कंबल आदि का नियमित वितरण किया जा रहा है तथा दिव्य मदर मिल्क प्रकल्प के अंतर्गत नारियल पानी एवं फलों का वितरण भी निरंतर जारी है। जरूरतमंदों को भोजन वितरण सहित अनेक सेवा गतिविधियाँ भी संचालित की जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विद्यालय के एक-एक छात्र ने छात्रवृत्ति की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी विद्यार्थियों को जूट बैग वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर वीर गौतम राठौड़ ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल भविष्य में गाँव गोद लेकर समग्र विकास की दिशा में कार्य करेगा। वहीं वीरा हंसा हिंगड़ ने केंद्र की सेवा गतिविधियों की सराहना की। वीर राज लोढ़ा ने सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों का स्वागत किया।

मासिक बैठक भी इसी अवसर पर आयोजित की गई, जिसमें डॉ. हसीना अब्देअली उठालावाला ने स्पीच थेरेपी विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए जिज्ञासाओं का समाधान किया। शिक्षा एवं छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सचिव सुरेश बड़ीवाल एवं कोषाध्यक्ष वीर अशोक खुर्दिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनका भी आभार व्यक्त किया गया। संचालन वीरा मनीष लोढ़ा ने किया।

---

# राजस्थान की उभरती महिला क्रिकेट प्रतिभाओं संयुम व साइमा कुरेशी का निंबाहेड़ा में हुआ सम्मान

## पूर्व सहकारिता मंत्री कार्यालय में चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना व निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा ने मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर किया अभिनंदन

स्मार्ट हलचल|निंबाहेड़ा

राजस्थान की उभरती महिला क्रिकेट प्रतिभाओं अंडर-19 टीम की ऑलराउंडर संयुम कुरेशी तथा अंडर-15 की विकेटकीपर एवं बैट्समैन साइमा कुरेशी का गुरुवार को प्रातः11:00 बजे निंबाहेड़ा आगमन पर सम्मान किया गया। चूरू जिले की निवासी दोनों बहनें अपने पिता साबिर कुरेशी एवं भाई सुलेमान कुरैशी के साथ पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के पेच एरिया स्थित कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर उदयलाल आंजना के कार्यालय परिसर में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना,एवं निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा ने दोनों क्रिकेटर बहनों का मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर एवं उपरणा ओढ़ाकर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि राज्य स्तर पर बेटियों की बढ़ती भागीदारी से खेल क्षेत्र में नया इतिहास रचा जा रहा है। आंजना ने कहा कि संयुम कुरेशी ने अंडर-19 स्तर पर ऑलराउंडर के रूप में तथा साइमा कुरेशी ने अंडर-15 वर्ग में विकेटकीपर-बैट्समैन के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है।



शारदा आशा व्यक्त की कि दोनों खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी राजस्थान का गौरव बढ़ाएंगी। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मनोज पारख, निंबाहेड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शमशू कमर मंसूरी, नगर कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य सिराज मेव, निंबाहेड़ा रज़ा एजुकेशन सोसायटी (रजि.) के अध्यक्ष मोहम्मद फारूक, अकाय क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक आशीष टांक,एडवोकेट यासीन मंसूरी, अब्दुल शाहिद खान, रशीद खान,आशुतोष टांक, बाबू खान मेव तथा कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन उपस्थित रहे।

---

## शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर शासन सचिव शिक्षा से शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने की मुलाकात

# शिक्षकों के स्थानांतरण, पदोन्नतियों सहित रुके हुए कार्य हो शीघ्र पूर्ण: रमेश चन्द्र पुष्करणा

## मार्च में मिलेगी विद्यालयों की सीएसजी सहित विभिन्न मदो की राशि

स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के हेतु कृष्ण कुणाल शासन सचिव (शिक्षा) राजस्थान सरकार और सीताराम जाट निदेशक माध्यमिक शिक्षा से मिलकर त्वरित समाधान की मांग की।प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामन्त्री महेंद्र कुमार लखारा सभाध्यक्ष संपत सिंह, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुषमा विश्नोई, प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र कच्छावा, प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री बसंत कुमार जिंदल उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष पूरण मल लौहार और जिला मंत्री कैलाश चंद्र मालू के अनुसार प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने कहा है कि प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता में शिक्षा के क्षेत्र में कई सुझाव व शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण का आग्रह किया है जिसमें राजस्थान के सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर विज्ञान शिक्षा को सशक्त बनाने हेतु कंप्यूटर अनुदेशक कैडर के सुदृढीकरण, पदनाम परिवर्तन एवं वेतन विसंगति का निवारण, ग्रीष्मावकाश के बकाया वेतन भुगतान हेतु एक समान आदेश जारी करने , शिक्षा विभाग में नए जिलों के गठन के फलस्वरूप शिक्षकों एवं कार्मिकों की वरिष्ठता पदोन्नति में विकल्प प्रदान करने, एमएसीपी प्रकरणों के निस्तारण हेतु एसीआर की अनुपलब्धता की स्थिति में सेवा सन्तोषजनक प्रमाण पत्र/नियमित वेतनवृद्धि प्रमाण के आधार पर स्वीकृति जारी करवाने, सेवारत शिक्षकों को पत्राचार बीएड पाठ्यक्रम के अन्तर्गत इन्टर्नशिप अवधि के वेतन भुगतान करने, सत्र 2019-20 से 2022-23 तक क्रमोन्नत विद्यालयों में पदों का आवंटन करवाने की मांग की।



प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने कहा कि माननीय शासन सचिव से वार्ता में स्टाफिंग पैटर्न शीघ्र करने , ''श्व के प्रावधानों में परिवर्तन करने, तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापकों के पद हेतु डी.पी.सी. नियमानुसार वरिष्ठता से कार्यव्यवस्थार्थ अस्थायी पदोन्नति कर पदस्थापन देने, महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों के संबंध में शीघ्र निर्णय लेने, शिक्षक संवर्ग के पदोन्नति हेतु संगठन ने कई सुझाव भी दिए।इसी प्रकार विद्यालयों में सीएसजी राशि उपलब्ध करवाने, एसआईआर से प्रभावित व्याख्याताओं के कार्यमुक्ति / कार्यग्रहण पर लगी रोक हटाकर शीघ्र आदेश जारी करने पर सहमति बनी।इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य, प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह, महिला मंत्री गीता जैलिया सहित प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों ने कहा कि शासन सचिव स्तर की वार्ता शिक्षकों के लिए नवीन सौगात लेकर आएगी और शिक्षकों के रुके हुए कार्यों के पूर्ण होने से शिक्षा जगत में नव ऊर्जा का संचार होगा।

इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ से हेमंत शर्मा प्रदेश सह संयोजक अभिलेखागार प्रकोष्ठ, डॉ हीरा लाल लुहार प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ सदस्य, मदन लाल जोशी प्रदेश प्रशिक्षण प्रकोष्ठ सदस्य, प्रकाश चंद्र बक्शी हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ प्रदेश प्रकोष्ठ सदस्य, पवन शेखावत प्रदेश महिला कार्यसमिति सदस्य, रमेश चंद्र पुरोहित संभाग संयुक्त मंत्री, जिला संगठन मंत्री नर्बदा शंकर पुष्करणा, मधु जैन एवं जिला कार्यकारिणी के सभाध्यक्ष तेजपाल सिंह शक्तावत, उपसभाध्यक्ष उदय लाल अहीर और सैयद मुकर्रम अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष(पुरुष) हमीर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष महिला राजी कुमावत, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा नाथू लाल डांगी, उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षा बीरबल सिंह, उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा शंकर लाल भांभी, सचिव माध्यमिक भंवर सिंह गौड़, सचिव प्राथमिक सत्यनारायण भट्ट, सचिव संस्कृत नरपत सिंह चौहान, सचिव महिला बसंती सुथार, अतिरिक्त जिला मंत्री राजेंद्र कुमार गगरानी, महिला मंत्री दीपिका झाला, कोषाध्यक्ष सागर मल पटवा एवं सदस्य अध्यापक सुशील कुमार लड्ढा, पंचायत समिति शिक्षक सदस्य विकास आचार्य, वरिष्ठ अध्यापक सदस्य मुकेश त्रिपाठी, प्राध्यापक सदस्य गोपाल लाल व्यास , संस्कृत शिक्षक सदस्य गोपाल लाल टेलर, प्रयोगशाला सहायक सदस्य आशीष कुमार गुप्ता, शारीरिक शिक्षक सदस्य चावंड सिंह चुंडावत, प्रबोधक सदस्य रमेश चंद्र मेनारिया पुस्तकालयाध्यक्ष मांगी लाल सुथार सहित जिले के समस्त शिक्षको ने हर्ष व्यक्त किया।

---

# घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रियाधीन निविदा को निरस्त किए जाने की मांग

## निविदा में अनिमितताएं एवं भ्रष्टाचार के आरोप

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** नगर परिषद चित्तौड़ द्वारा हाल ही में आमंत्रित की गई 18.27 करोड रुपए की घर घर कचरा संग्रहण की निविदा को कांग्रेस के निवर्तमान सभापति एवं निवर्तमान पार्षदगणो द्वारा निरस्त किए जाने की मांग की है।

निवर्तमान सभापति संदीप शर्मा एवं कांग्रेस के पार्षदगण द्वारा प्रमुख शासन सचिव स्थानीय निकाय विभाग रवि जैन को पत्र लिखकर एवं प्रशासक नगर परिषद चित्तौड़गढ़ से भेंट कर मांग की गई है कि नगर परिषद द्वारा जो प्रक्रियाधीन घर घर कचरा संग्रहण की निविदा है इसमें भारी अनिमितताएं एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है। नगर परिषद प्रशासन द्वारा एक ऐसी फर्म हरिओम ट्रेडर्स को यह कार्य देना प्रस्तावित किया है जिसे की इस कार्य का बिल्कुल भी अनुभव नहीं है, यह फर्म निविदा की तकनीकी बीड में पूरी तरह से अयोग्य है, लेकिन उपानयन समिति द्वारा राजनीतिक दबाव में भारी भ्रष्टाचार एवं अनियमितता करते हुए इस फर्म को सफल मान लिया है, जो की निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न शर्तों को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए किया गया निर्णय है। इस एकल निविदा में इस फर्म को उपकृत करने के साथ ही नगर परिषद को करोड़ों रुपए का नुकसान है क्योंकि तकनीकी रूप से फर्म अयोग्य है एवम साथ ही जो दर 141.51 प्रति घर स्वीकृत की गई है यह दर अभी तक की राजस्थान की सबसे अधिक दर है।



कांग्रेस पार्षद गणों ने बताया कि वर्तमान में जो नगर परिषद में घर घर कचरा संग्रहण का कार्य चल रहा है वह भी पूरी तरह से भ्रष्टाचार का केंद्र बना हुआ है, संवेदक द्वारा किये जा रहे कार्य में बहुत कमियां है जिसके लिए भी कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व में मुद्दा उठाया गया लेकिन उसके बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है एवं जो आगामी निविदा जिस कंपनी को दिया जाना प्रस्तावित किया है, उस फर्म को इस कार्य का बिल्कुल भी अनुभव नहीं है, जिससे आने वाले 3 वर्षों में चित्तौड़गढ़ शहर में सफाई व्यवस्था एवं घर घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी और साथ ही इतना बड़े राजस्व की हानि नगर परिषद को होगी। जो पैसा चित्तौड़गढ़ शहर की जनता का है और जिस पर चित्तौड़गढ़ शहर की जनता का अधिकार है उस पैसे का इस प्रकार से दुरुपयोग किया जाना बहुत ही चिंताजनक बात है। बहुत ही आश्चर्यजनक बात है कि जिस फर्म हरिओम ट्रेडर्स को निविदा शर्तों के अनुसार इस कार्य का कोई भी अनुभव नहीं है उसे इतनी ऊंची दर पर एकल निविदा होने के बावजूद किसके दबाव में कार्य दिया जा रहा है यह मामला जांच का विषय है कि किस दबाव में अधिकारियों द्वारा नियमों को दरकिनार करते हुए इतना बड़ा घोटाला किया जा रहा है और इसमें और कौन कौन लोग सम्मिलित हैं। बहुत ही आश्चर्य की बात है कि दिसंबर 2025 में 3 करोड रुपए की घर घर कचरा सग्रंहण की निविदा में नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा जिस फर्म को असफल निविदा दाता घोषित कर दिया था और उसकी निविदा पर विचार नहीं किया गया था उसके तुरंत बाद ही नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा उससे 6 गुना अधिक राशि की निविदा में उस फर्म को सफल निविदा दाता मान लिया और उसकी फर्म को कार्य दिए जाने की अनुशंसा करते हुए स्वीकृति के लिए निदेशालय जयपुर में पत्रावली भेज दी गई जो की स्वत इंगित करता है कि इसमें भारी भ्रष्टाचार एवं अनियमितताएं हैं।

इस मौके पर निवर्तमान पार्षद सुमन्त सुहालका, विजय चौहान, देवराज साहू, अशोक वैष्णव, विजय चौधरी, सुमित मीणा, राजेश सरगरा, मनोज कुमार, कन्हैयालाल माली पार्षद प्रतिनिधि संदीपसिंह, अंकुश आदिवाल, राजू खटीक, नरेश धाकड, राजेष चांवला सहित कांग्रेंस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण में फर्जीवाड़े का बड़ा खेल?

## ग्राम पंचायत कुंडेर में अनियमितता के आरोप-जांच को लेकर जिला कलेक्टर को भेजी शिकायत

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** जिले की उनियारा पंचायत समिति (मु. अलीगढ़) क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुंडेर में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। शिकायतकर्ता बबलू पुत्र कालूराम गुर्जर निवासी केरोद ने जिला कलेक्टर, टोंक को लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### बिना निर्माण के भुगतान का आरोप

शिकायत में आरोप है कि ग्राम पंचायत कुंडेर के गांव केरोद में एक लाभार्थी के नाम पर योजना के तहत बिना वास्तविक आवास निर्माण के ही राशि जारी कर दी गई। संबंधित मकान पहले से पक्का निर्मित बताया गया है। आवास स्वीकृति के बाद जियो-टैगिंग के दौरान खींची गई फोटो भी कथित रूप से गलत अपलोड की गई है। आरोप यह भी है कि लगभग 50



हजार रूपये की कथित रिश्वत लेकर पीएम आवास की फाईल पास की गई तथा किसी अन्य निर्माणाधीन मकान की फोटो संलग्न कर भुगतान स्वीकृत किया गया।

### ग्राम विकास अधिकारी पर सीधे आरोप

शिकायतकर्ता ने ग्राम विकास अधिकारी पर नियमों को दरकिनार कर पूरी राशि पारित करने का गंभीर आरोप लगाया है। एक स्थानीय फोटोग्राफर पर भी कथित मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। शिकायत में मांग की गई है कि पंचायत स्तर पर स्वीकृत आवासों, वास्तविक निर्माण कार्यों और स्वच्छता संबंधी प्रावधानों की भौतिक जांच करवाई जाए, जिससे संभावित गड़बड़ियों का खुलासा हो सके।

### प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल

यह मामला केवल एक लाभार्थी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सवाल उठाता है कि – क्या लाभार्थी का भौतिक सत्यापन हुआ था? क्या जियो-टैगिंग और फोटो अपलोड प्रक्रिया नियमों के अनुरूप की गई? ब्लॉक एवं जिला स्तर पर मॉनिटरिंग व्यवस्था कितनी प्रभावी रही? यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो यह



प्रशासनिक निगरानी तंत्र की गंभीर विफलता मानी जाएगी और सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला बन सकता है।

### आरोप सही पाने इन कानूनी धाराओं में हो सकती है कार्रवाई

प्रथम दृष्टया मामले में निम्न प्रावधान लागू हो सकते हैं –

भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 467/468 (कूटरचना), धारा 471 (जाली दस्तावेज का उपयोग। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम,



1988 की संबंधित धाराएं (यदि रिश्वत सिद्ध होती है) राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 के तहत विभागीय कार्रवाई। सरकारी धन की रिकवरी, निलंबन एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही।

### जांच की मांग-कलेक्टर से हस्तक्षेप की अपील

शिकायतकर्ता ने जिला कलेक्टर से उच्चस्तरीय जांच, दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने, जारी राशि की वसूली तथा भविष्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। बताया गया है कि इस संबंध में पंचायत समिति उनियारा के विकास अधिकारी को भी अवगत कराया जा चुका है तथा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### 'इनका है कहना '

मामले में पंचायत समिति उनियारा (मु. अलीगढ़) के खंड विकास अधिकारी शंकर लाल मेघवाल ने कहा कि मामला तीन दिन पहले संज्ञान में आया है।जिला कलेक्टर को पुनः शिकायत भेजे जाने की जानकारी मिली है और अब निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी।

### प्रशासनिक जवाब देही और कार्यवाही का इंतजार

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस प्रकरण में कितनी तत्परता दिखाता है। क्या जांच केवल कागजों तक सीमित रहेगी या जिम्मेदारों पर वास्तविक कार्रवाई भी होगी?यदि आरोप प्रमाणित होते हैं, तो यह मामला जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के क्रियान्वयन पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर सकता है।

---

ब्यावर में तीन दिवसीय कोमलपद प्रशिक्षण शिविर का समापन

# स्काउट-गाइड सिखाती है जीवन जीने की कला: राठौड़

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय ब्यावर के तत्वावधान में गैलेक्सी इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोविंदपुरा में तीन दिवसीय कोमलपद प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि चेतन सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल रेखा राजावत ने की। विशिष्ट अतिथियों में डी. ओ. स्काउट रुपेश मीणा और नीरज कुमार शामिल थे। डी.ओ. स्काउट रुपेश मीणा ने स्काउट परंपरा के अनुसार अतिथियों का स्कार्फ और हेड पहनाकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि चेतन सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना और जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने छात्रों से स्काउट-गाइड



गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

शिविर संचालक नीरज कुमार ने जानकारी दी कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्काउट-गाइड को स्काउट प्रार्थना, ध्वज गीत, स्काउट-गाइड नियम, इतिहास, सेल्यूट, प्राथमिक उपचार और विभिन्न प्रकार की गांठों सहित स्काउटिंग की मूलभूत जानकारियों का प्रशिक्षण दिया गया।

समापन अवसर पर स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल रेखा राजावत ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

---

# मेड़ता रोड में प्राइवेट बस संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## यात्रियों को भारी परेशानियां, टेंपो चालकों पर मनमाना किराया वसूलने के आरोप

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मेड़ता रोड में प्राइवेट बस संचालकों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किए जाने से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो गया है। हड़ताल के चलते शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संचालित होने वाली निजी बसें पूरी तरह बंद रहीं, जिससे यात्रियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा रहा। रोजाना नौकरी, व्यापार, पढ़ाई और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोग बसों के इंतजार में खड़े नजर आए, लेकिन बस सेवाएं बंद होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा। कई यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा, जिससे उनका समय और पैसा दोनों अधिक खर्च हुआ।

### टेंपो चालकों की चांदी, यात्रियों की जेब पर बोझ

बसों के बंद रहने का सीधा फायदा टेंपो चालकों को मिला। यात्रियों का आरोप है कि टेंपो चालकों द्वारा सामान्य किराए से कहीं अधिक राशि वसूली जा रही है। जहां पहले 20 से 30 रुपये में तय होने वाला किराया अब 50 से 80 रुपये तक वसूला जा रहा है। मजबूरी में यात्रियों को अधिक किराया देकर सफर करना पड़ रहा है। कुछ यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि हड़ताल के दौरान वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था की जाए और किराए पर नियंत्रण रखा जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।



### हड़ताल का कारण

बताया जा रहा है कि प्राइवेट बस संचालकों ने विभिन्न मांगों को लेकर यह हड़ताल शुरू की है। हालांकि, आधिकारिक रूप से उनकी प्रमुख मांगों की विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार टैक्स, परमिट और अन्य प्रशासनिक मुद्दों को लेकर असंतोष जताया जा रहा है।

---

# राजमार्ग पर 75 मीटर में निर्माण हटाने के आदेश के खिलाफ व्यापारियों का बड़ा प्रदर्शन, लाखों लोगों के समक्ष रोजगार का संकट

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर।** जिला कोटपूतली बहरोड में राष्ट्रीय राजमार्ग से 75 मीटर दायरे में बने निर्माण हटाने संबंधी राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के विरोध में कोटपूतली में विभिन्न सामाजिकसंगठनों एवं व्यापारियों का बड़ा प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान 'काला कानून वापस लो' के नारे गूंजते रहे। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार बंद कर दिए और प्रदर्शनकारियों को बाहर ही रोक दिया। बाद में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को अंदर जाने की अनुमति दी गई।जिसने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जोधपुर द्वारा डीबी



सिविल रिट याचिका संख्या 248 26/2025 (हिम्मत सिंह गहलोत बनाम राज्य सरकार) में दिए गए आदेश से कोटपूतली सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी असमंजस और भय का माहौल है। आदेश के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के केंद्र बिंदु से 75 मीटर की परिधि में आने वाले निर्माणों को हटाने की कार्यवाही की जानी है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राजमार्ग के दोनों ओर स्थित कई व्यावसायिक और आवासीय संपत्तियां लोगों की जीवनभर की पूंजी से बनी हैं। बड़ी संख्या में छोटे व्यापारी, किरायेदार और दुकानदार वर्षों से इन परिसरों में व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। यदि बिना स्पष्ट कार्ययोजना और उचित मुआवजे के कार्रवाई की गई तो हजारों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से नियमों में संशोधन कर जनता को राहत देने की मांग की गई है।

---

### पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में तीन खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**चित्तौड़गढ़।** उदयपुर में राजस्थान महिला विद्यालय के सभागार में 14वीं राज्य सीनियर एवं मास्टर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

इस प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ के मास्टर-2 केटेगरी 93 किग्रा में दिलीप कुमार टेलर ने कुल 515 किग्रा वजन उठा कर गोल्ड मेडल, सीनियर केटेगरी 63 किग्रा में माया कंवर सोलंकी ने 377.5 किग्रा वजन उठा कर गोल्ड मेडल, सीनियर केटेगरी 47 किग्रा में प्रियंका पंवार ने 147.5 किग्रा वजन उठा कर कांस्य पदक जीता। विजेता खिलाड़ियों के चित्तौड़गढ़ आने पर संघ के संरक्षक एवं विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या, चेयरमैन प्रदीप लड्ढा, अध्यक्ष रवि विरानी, उपाध्यक्ष रामनरेश गाडरी, सचिव रवि बैरागी सहित संघ के सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सचिव रवि बैरागी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता रहे सीनियर खिलाड़ी कर्नाटक एवं मास्टर महाराष्ट्र में आगामी दिनों में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का नेतृत्व करेंगे।

---

# ब्यावर में 48 अवैध एलपीजी सिलेंडर किए जब्त: रसद विभाग ने शहर में अवैध भंडारण और रिफिलिंग पर की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** रसद विभाग ने गुरुवार को शहर में छापामार कार्रवाई कर 48 अवैध एलपीजी सिलेंडर जब्त किए। यह कार्रवाई घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग, भंडारण और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई। यह अभियान खाद्य विभाग के आदेश और जिला कलेक्टर कमल राम मीना के निर्देशों के तहत चलाया गया। कार्रवाई का नेतत्व जिला रसद अधिकारी अब्दल सादिक ने प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान और प्रवर्तन निरीक्षक विक्रांत मथुरिया की टीम के साथ किया।

जांच के दौरान नृसिंह गली, भैरू चौराहा स्थित चिंटू साइकिल स्टोर पर अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण और बिक्री पाई गई। दुकान संचालक चंद्रेश गर्ग एक सघन



रिहायशी क्षेत्र में स्थित पुराने मकान का उपयोग गैस भंडारण स्थल के रूप में कर रहा था।

मौके पर गैस सिलेंडरों की खरीद संबंधी बिल-वाउचर, बिक्री अनुमति और उपभोक्ता डायरी उपलब्ध नहीं मिली। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा मानकों का भी गंभीर उल्लंघन पाया गया। विभागीय टीम ने कुल 48 सिलेंडर जब्त किए, जिनमें 6 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर, 35 वाणिज्यिक सिलेंडर (5 किलो), 2 घरेलू एलपीजी सिलेंडर और 5 बिना नंबर व अप्रमाणित (आईएसआई रहित) सिलेंडर शामिल थे।

जब्त किए गए सिलेंडरों को एलपीजी आदेश-2000 के प्रावधानों के उल्लंघन पर कब्जे में लेकर ज्वाला गैस एजेंसी, ब्यावर के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया। विभाग के अनुसार यह प्रकरण आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6ए के तहत जिला कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। रसद विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे एलपीजी गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल वैध और सुरक्षित तरीके से करें तथा किसी भी प्रकार के दुरुपयोग की सूचना प्रशासन को दें।

---

# भक्ति से ही सारे कष्ट दूर होते हैं= पंडित धीरेंद्र शास्त्री

### पुष्कर में तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा का भव्य समापन

स्मार्ट हलचल| एजाज़ अहमद

**मेड़ता रोड।** तीर्थराज पुष्कर में बागेश्वर धाम सरकार के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा का बुधवार को भव्य समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन दूर-दराज़ से लाखों श्रद्धालु दर्शन और श्रवण के लिए पहुंचे।

कथा वाचन में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि सच्ची भक्ति से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और हनुमान चालीसा के नियमित पाठ से मानसिक शांति और संकटों से मुक्ति मिलती है।

कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और जयकारों से माहौल भक्तिमय रहा। दिव्य दरबार में कई श्रद्धालुओं ने अपनी समस्याएं रखीं और बाबा की कृपा से राहत पाई। तीन दिवसीय आयोजन ने पुष्कर की धार्मिक





गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। समापन पर शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

---

# ट्रेन के शौचालय में छिपाई गई अवैध शराब पकड़ी, टीटीई की सतर्कता से खुला मामला

## डीआरएम के निर्देश पर जोधपुर मंडल में विशेष जांच अभियान, करीब 33 हजार रुपए कीमती 48 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे के उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान एक टीटीई की सतर्कता से ट्रेन में छिपाकर रखी गई अवैध शराब बरामद की गई।मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि बुधवार 25 फरवरी को ट्रेन संख्या 2048 5 जोधपुर-साबरमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस में टिकट जांच के दौरान टीटीआई राजेन्द्र कुमार मीणा को कोच संख्या एस-6 के शौचालय में संदिग्ध गतिविधि का आभास हुआ। जांच करने पर पाया गया कि शौचालय के ऊपर लगी प्लाई



के भीतर 48 बोतल अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 33 हजार रुपये आंकी गई है।

इस संबंध में डिब्बे में मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई भी व्यक्ति शराब का मालिक सामने नहीं आया। इसके बाद टीटीआई मीणा ने सतर्कता दिखाते हुए शराब की बोतलों को कब्जे में लिया और इसकी सूचना वाणिज्यिक नियंत्रक कार्यालय,जोधपुर तथा संबंधित अधिकारियों को देते हुए आरपीएफ की मांग की। भीलड़ी स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी सूचना पाकर मौके पर पहुंची,बाद में बरामद शराब को आगे की कार्रवाई के लिए भीलड़ी जीआरपी



को सौंप दिया गया। यह कार्रवाई रानीवाड़ा और धानेरा स्टेशनों के बीच की गई।इस मामले में भीलड़ी जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्रोहिबिशन एक्ट की धारा 65(ए) और 116(2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल भावेश भाई द्वारा की जा रही है।

गौरतलब है कि इसी रेलखंड में इस सप्ताह इस प्रकार की यह दूसरी घटना सामने आई है,जिससे अवैध गतिविधियों पर निगरानी और अधिक सख्त कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को इसी रेलखंड में वाणिज्य निरीक्षक नटवर दान चारण द्वारा जांच के दौरान जैसलमेर-साबरमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में रखी लगभग 100 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर आरपीएफ को सुपुर्द की गई थी।

### त्योहारों के मद्देनजर ट्रेनों में विशेष निगरानी

इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार त्योहारों के मद्देनजर मंडल की विभिन्न ट्रेनों में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे की टीमें लगातार ट्रेनों में सतर्कता के साथ जांच कर रही हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

---

# मंडावर अलवर फाटक पर ट्रक की टक्कर से एक महिला की हुई मौके पर मौत

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** थाना पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया, हादसे में दो अन्य बाल-बाल बचे मंडावर के फाटक संख्या 83 क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मंडावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मृतका के शव को मंडावर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका रेशम देवी पत्नी प्रभु दयाल मीणा, निवासी गांव फहड़ावती, जिला अलवर जिला की रहने वाली थीं। वह बाइक पर सवार होकर कहीं जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार



ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रेशम देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि बाइक पर प्रभु दयाल की भाई की बेटी गुड्डन भी सवार थी। हादसे में बाइक सवार अन्य दो लोगों की हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है, जिन्हें हल्की चोटें आई हैं।

# बलिया का रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत समय सीमा में दिखेगा नया स्वरूप

## मण्डल रेल प्रबन्धक आशीष जैन का गहन निरीक्षण

स्मार्ट हलचल| वाराणसी/ बलिया



विकास की नई पटरी पर दौड़ने को तैयार बलिया रेलवे स्टेशन अब जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस मॉडल स्टेशन के रूप में नजर आएगा। 26 फरवरी 2026 को मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया– 'काम में तेजी और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं।' निरीक्षण स्पेशल से बलिया पहुंचे डीआरएम ने प्लेटफार्म संख्या 04 तक पैदल पहुंचकर निर्माण कार्यों की हकीकत परखी। उन्होंने प्लेटफार्म 4 पर चल रहे कार्यों के साथ प्लेटफार्म 1 पर यात्री सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। सेकेंड एंट्री पर बन रहे भवन, आगमन-प्रस्थान लाउंज, वेटिंग एरिया, ग्रीन पार्क और प्रस्तावित रेल कोच रेस्टोरेंट की साइट का जायजा लिया गया। सर्कुलेटिंग एरिया के विस्तार, बुकिंग कार्यालय, 12 मीटर चौड़े फुटओवर ब्रिज, पार्किंग स्थलों और दिव्यांगजन सुविधाओं की प्रगति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। प्रथम तल पर बन रही महिला और पुरुष डोरमेट्री, प्रतीक्षालय और विभिन्न कार्यालयों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। डीआरएम ने स्पष्ट कहा कि सभी कार्य तय समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों। प्लेटफार्म 1 पर प्रतीक्षालयों और डोरमेट्री के आधुनिकीकरण, यात्री निवास और वीआईपी लाउंज की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। टीसी रूम, आरक्षण केंद्र, शौचालय, वाटर बूथ, पार्सल कार्यालय और रनिंग रूम की व्यवस्थाओं को परखा गया। सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया गया। स्टेशन परिसर में धरोहर के रूप में स्थापित डीजल इंजन के रंग-रोगन और रखरखाव को बेहतर करने के निर्देश दिए गए। पार्सल कार्यालय के पास अनाधिकृत प्रवेश को तत्काल बंद कराने को कहा गया। नए भवनों में रेलवे कार्यालयों को शीघ्र शिफ्ट करने की योजना पर बल दिया गया। यात्री निवास को वातानुकूलित करने और गर्मी से राहत की तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया। ग्रीष्मकाल को देखते हुए सभी पंखों को क्रियाशील रखने और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। नए वाटर कूलर लगाने और वाटर टैप सुचारू रखने पर विशेष जोर रहा। निरीक्षण के दौरान केंद्रीकृत स्टेशन पैनल, इंटरलॉकिंग और संरक्षा उपकरणों की गहन जांच की गई। कुंजी हस्तांतरण रजिस्टर और अनुरक्षण अभिलेखों की भी समीक्षा हुई। प्वाइंट्स एंड क्रॉसिंग, स्विच एक्सटेंशन जॉइंट्स और ग्लूड जॉइंट्स का मापन कर मानकों की पुष्टि की गई। सिग्नलों की दृश्यता और कर्वेचर की संरक्षा का परीक्षण किया गया। इसके बाद अप लाइन पर बलिया-गाजीपुर सिटी रेलखंड में प्वाइंट क्रॉसिंग संख्या 203 ए एवं बी का निरीक्षण हुआ। स्विच एक्सटेंशन जॉइंट 36 और किमी 80/2 पर कर्व संख्या 20 का भी बारीकी से परीक्षण किया गया। डीआरएम ने स्पष्ट किया कि संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-2 विनीत कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। विद्युत, सिग्नल एवं दूरसंचार, संरक्षा और परिचालन विभाग के अधिकारी भी साथ रहे। बलिया स्टेशन के कर्मचारी और पर्यवेक्षक भी निरीक्षण में शामिल हुए। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि पुनर्विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बलिया स्टेशन को आधुनिक, सुरक्षित और यात्री अनुकूल बनाया जा रहा है। आने वाले समय में बलिया स्टेशन पूर्वांचल का आकर्षक और सुविधासंपन्न रेलवे हब बनेगा। यात्रियों को बेहतर लाउंज, स्वच्छ परिसर और अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। बलिया की पहचान अब एक आधुनिक स्टेशन के रूप में भी स्थापित होगी। विकास की इस रफ्तार ने स्थानीय लोगों में नई उम्मीद जगा दी है।

# विधायक राजेंद्र मीणा से मिले पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी, शहीद स्मारक हेतु बजट आवंटन की मांग



स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेंद्र मीणा से जयपुर स्थित विधायक निवास पर भूतपूर्व सैनिक विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर विधायक राजेंद्र मीणा द्वारा खेड़ला बुजुर्ग में प्रस्तावित शहीद स्मारक निर्माण के लिए बजट आवंटन की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक राजेंद्र मीणा को अवगत कराया कि पूर्व में उनकी मांग पर आप द्वारा शहीद स्मारक निर्माण हेतु खेड़ला बुजुर्ग में 40 बीघा भूमि आवंटित करवाई जा चुकी है, जिसके लिए समस्त पूर्व सैनिक एवं क्षेत्रवासी उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। अब इस पावन कार्य को मूर्त रूप देने के लिए शीघ्र बजट स्वीकृति आवश्यक है।

सैनिक प्रतिनिधियों ने विधायक राजेंद्र मीणा से कहा कि महवा तहसील के वीर शहीदों की स्मृति में एक भव्य एवं गरिमामयी शहीद स्मारक का निर्माण होने से स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस तथा अन्य राष्ट्रीय पर्वों पर सभी शहीदों को एक साथ श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकेगी। यह स्मारक न केवल वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा भी देगा।

विधायक राजेंद्र मीणा ने सैनिकों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शहीदों के सम्मान से जुड़ा यह विषय अत्यंत संवेदनशील एवं गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वे शहीद स्मारक निर्माण के लिए आवश्यक बजट आवंटन हेतु राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी पहल करेंगे, ताकि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके। 'शहीदों का सम्मान – राष्ट्र का अभिमान' मैं शहीद स्थल बनने पर आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।

# भुगतान न मिलने पर नरेगा कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल|बानसूर

पंचायत समिति क्षेत्र की किशोरपुरा ग्राम पंचायत के नरेगा कर्मियों ने गुरुवार को लंबित भुगतान की मांग को लेकर पंचायत समिति कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। नरेगा कर्मियों ने बताया कि पिछले छह महीने से उनका भुगतान अटका हुआ है। इस संबंध में वे कई बार ग्राम पंचायत प्रशासन और पंचायत समिति अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं। हालांकि, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है और उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं। प्रदर्शन के दौरान नरेगा कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि नरेगा के तहत काम कर चुके श्रमिकों को समय पर मजदूरी मिलना उनका अधिकार है। भुगतान में देरी से उनके परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों पर बुरा असर पड़ रहा है। इस मामले पर पंचायत समिति के कार्यवाहक विकास अधिकारी प्रदीप विरमानी ने बताया कि तकनीकी कारणों से भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व में भी शिकायत मिलने पर जिला परिषद को पत्र लिखकर भुगतान जारी करने का अनुरोध किया गया था। आज पुनः जिला परिषद को पत्र भेजा गया है और जल्द ही भुगतान करवाने का प्रयास किया जाएगा।

# थांवला की सड़कों पर उतरा 'खाटू नरेश' का दरबार; कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियों ने मोहा मन

स्मार्ट हलचल



**थांवला।** थांवला कस्बे के देवगढ़ रोड स्थित श्रीखाटू श्याम मंदिर में तीन दिवसीय फागोत्सव कार्यक्रम की भव्य शुरुआत गुरुवार को उत्साह और श्रद्धा के साथ हुई। पहले दिन मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दोपहर बाद पंचामृत स्नान के साथ भगवान खाटू श्याम का विधि-विधान से अभिषेक किया गया। इसके बाद सजे-धजे दरबार में आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया।दोपहर करीब 4 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य नगर भ्रमण की शुरुआत हुई। गाजे-बाजे और जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। किसान चौराहा, बस स्टैंड, गवाड़ चौराहा, टंकीपुरा, देवनगरी और तेजा चौक होते हुए देर रात शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए अजमेर से आई रोशन एंड पार्टी के कलाकारों ने विभिन्न धार्मिक व पारंपरिक भेष धारण कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। राधा के रूप में नैना, किशन बने हेमराज और खाटू श्याम के स्वरूप में हेमंत ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं बन्ना बन्नी के रूप में लोकेश और रोहित ने राजस्थानी संस्कृति की झलक पेश की। जोकरों के रूप में जेभाई, जीवराज और यश ने मनोरंजक प्रस्तुति देकर माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया।मंदिर पहुंचने पर विधिवत आरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन समिति के सदस्य गेनाराम कारबाल ने बताया कि शुक्रवार रात्रि को भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें ख्यातनाम भजन गायकों द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं शनिवार को 56 भोग अर्पित कर महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

तीन दिवसीय फागोत्सव को लेकर पूरे कस्बे में उत्साह का वातावरण है। श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और मंदिर परिसर भक्ति, संगीत और रंगों से सराबोर नजर आ रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में भाग लेकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# 28 फरवरी को कायड़ क्षेत्र में यातायात दबाव की संभावना

## पुलिस मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी

स्मार्ट हलचल| जयपुर

आगामी 28 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक किशनगढ़-गेगल-कायड़- ब्यावर मार्ग तथा किशनगढ़- गेगल-कायड़- अजमेर मार्ग के आसपास यातायात दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने भारी वाहन चालकों को इस मार्ग से न गुजरने व वैकल्पिक मार्ग अपनाने की एडवाइजरी जारी की है।

एडीजी कानून एवं व्यवस्था वी के सिंह ने बताया कि उक्त समयावधि में इन मार्गों पर ट्रैफिक कंजेशन की स्थिति बन सकती है। आमजन की सुविधा एवं सुगम यातायात संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों (ट्रक, ट्रेलर एवं अन्य मालवाहक वाहन) को सलाह दी गई है कि वे 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक किशनगढ़-गेगल-कायड़-ब्यावर एवं किशनगढ़-गेगल-कायड़-अजमेर मार्ग पर कायड़ एवं गेगल टोल के रास्ते से गुजरने से परहेज करें तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। संबंधित जिलों की पुलिस को डायवर्जन प्लान प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीजी वी.के. सिंह ने कहा कि इस संबंध में सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार माध्यमों तथा अन्य संचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि वाहन चालक पूर्व योजना बनाकर यात्रा करें और अनावश्यक असुविधा से बच सकें।

पुलिस प्रशासन ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का सहयोग करें तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें, जिससे सभी के लिए सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित हो सके।

# नारायणपुर में आवारा पशुओं के खिलाफ विशेष अभियान शुरू



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे की सड़कों पर बेलगाम घूम रहे आवारा पशुओं से आमजन को हो रही परेशानी और बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए नगरपालिका ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार से विशेष अभियान की शुरुआत की है। नगरपालिका द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में पहले ही दिन 10 सदस्यीय टीम ने 53 आवारा पशुओं को पकड़ा। ग्रामीणों और व्यापारियों ने लंबे समय से मुख्य बाजार, बस स्टैंड, अस्पताल और स्कूलों के आसपास आवारा गाय और सांडों के कारण यातायात जाम, राहगीरों के घायल होने और दुर्घटनाओं की शिकायत की थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगरपालिका ने ठेकेदार की सहायता से यह अभियान शुरू किया है, जो अगले एक सप्ताह तक चलाया जाएगा। पकड़े गए आवारा पशुओं को नगर परिषद् बहरोड़ के विशेष ट्रक से सुरक्षित रूप से धामेड़ा गौशाला और ज्ञानपुरा स्थित नंदीशाला में छोड़ा जा रहा है। नगरपालिका कार्मिक के अनुसार कस्बे में फिलहाल लगभग 150 आवारा पशु हैं, जिनको चरणबद्ध तरीके से पकड़ा जाएगा। ठेकेदार को प्रति पशु के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। इस अभियान से कस्बेवासियों को सड़कों पर राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं नगरपालिका ने लोगों से भी अपील की है कि वे अपने पालतू जानवरों को खुले में न छोड़ें, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट परिसर में आज होगा होली मिलन समारोह

स्मार्ट हलचल

**वैर।** न्यायालय परिसर मे होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार 27 फरवरी को होगा । फूलों की होली दोपहर 2:00 बजे से खेली जाएगी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास शर्मा एडवोकेट ने बताया कि अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश एवं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश संख्या 1,एवं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश संख्या 2,व उपखंड अधिकारी वैर सभी अधिवक्तागण , मुंशीगण एवं स्टाम्प वेंडर होली मिलन समारोह में मौजूद रहेंगे।

# उप जिला अस्पताल के सामने लगा लंबा जाम

## प्रशासन की अनदेखी से आमजन परेशान, कई बार एम्बुलेंस भी फंस जाती हैं जाम में


स्मार्ट हलचल| बानसूर



कस्बें के उप जिला अस्पताल बानसूर के सामने हरसौरा रोड पर गुरुवार दोपहर करीब एक किमी लंबा जाम लग गया, जिससे आमजन और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल क्षेत्र में रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन अव्यवर्स्थत पार्किंग, सड़क किनारे ठेलों और बढ़ते यातायात दबाव के कारण स्थिति गंभीर बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जाम के कारण कई बार एंबुलेंस भी फंस जाती हैं, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। स्कूल बसें, निजी वाहन और दोपहिया चालक भी लंबे समय तक जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नियमित पुलिस तैनाती, अतिक्रमण हटाने और क्षेत्र को 'नो पार्किंग जोन' घोषित करने की मांग की है।

# टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति पर जोर दिया: जयशंकर

स्मार्ट हलचल



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मानवाधिकारों के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने मानवाधिकारों को लेकर दोहरे मापदंड और 'राजनीतिक बयानबाजी' से ऊपर उठकर विकास, क्षमता निर्माण तथा आतंकवाद के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ. जयशंकर ने 25 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकारों का उद्देश्य सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के दैनिक जीवन में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, उन्होंने कहा संघर्ष, ध्रुवीकरण और अनिश्चितता से ग्रस्त दुनिया में भारत साझा आधार खोजने और उसका विस्तार करने का प्रयास करता है। हमने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का दृष्टिकोण इस समझ पर आधारित है कि किसी भी क्षेत्र की असुरक्षा या किसी भी समूह को हाशिए पर धकेलना अंत में सभी के अधिकारों और कल्याण को कमजोर करता है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद को मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से साकार करने के लिए 'आतंकवादी कृत्यों के लिए शून्य सहिष्णुता' की वकालत करनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि भारत हाल ही में सातवीं बार मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुना गया है और उसे संयुक्त महासभा में 188 में से 177 वोट मिले हैं। इस पर जयशंकर ने कहा कि यह वैश्विक समुदाय, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए राजनीति, दोहरे मानदंड और चयनात्मक रवैये के बजाय संवाद, साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विश्वास करता है। भारत के डीपीआई का उदाहरण देते हुए विदेश मंत्री ने कहा डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) से करोड़ों लोगों को पारदर्शी तरीके से कल्याण योजनाओं, वित्तीय सेवाओं और सरकारी सुविधाओं तक पहुंच मिली है और भारत अपने अनुभव को वैश्विक हित में साझा भी कर रहा है।

# नरेंद्र चौधरी कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

स्मार्ट हलचल| सूरौठ



कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारीक ने नरेंद्र चौधरी को संगठन में करौली जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर गांव बरगमा निवासी नरेंद्र चौधरी को कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के करौली जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है। नरेंद्र चौधरी को जिला अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ आईटी सैल जिला प्रभारी लखन पौडवाल रीझवास, युवा नेता हनी दत्ता, विधानसभा ब्लाक अध्यक्ष पिंटू चौधरी, विधानसभा कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कुमार अटकौली, पंचायत समिति सदस्य भूपेंद्र लहकोडिया, सानू चौधरी महू आदि कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिलाअध्यक्ष का साफा माला पहनाकर स्वागत कर क्षेत्रीय विधायक अनीता जाटव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारीक का आभार जताया है।

# महावीर नगर प्रथम सफेद मंदिर में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान, 32 अर्घ्य समर्पित

स्मार्ट हलचल| कोटा



महावीर नगर प्रथम स्थित सफेद जैन मंदिर में अष्ठाहनिका महापर्व के अंतर्गत आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में श्रद्धालुओं ने 32 अर्घ्य समर्पित कर श्री सिद्ध भगवान की भक्ति-भाव से आराधना की। कार्यक्रम परम पूज्य भारत गौरव, सर्वाधिक दीक्षा प्रदात्री गणिनी आर्यिका 105 श्री विशुद्धमति माताजी एवं संघस्था पट्ट गणिनी आर्यिका 105 श्री विज्ञमति माताजी ससंघ के सानिध्य में संपन्न हुआ।

महेश पाटनी ने बताया कि आर्यिका श्री विज्ञमति माताजी ने अपने प्रवचन में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि समयसार का अध्ययन करना सरल है, किंतु उसके सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करना अत्यंत कठिन है। पूजा के समय यदि उपकरण और द्रव्य शुद्ध होंगे, तभी भावों में निर्मलता आएगी और सच्ची आराधना संभव हो सकेगी।

समाज अध्यक्ष गुलाबचन्द लुहाड़िया ने बताया कि पूज्य आर्यिका श्री विशुद्धमति माताजी के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य जीवनधर सोगानी, सुनयना सोगानी, जम्बू, मोनिका (किट्टी), अविनाश, कोमल, डॉ. अंशुल एवं प्रीति सोगानी को प्राप्त हुआ।

कार्याध्यक्ष जीवनधर सोगानी के अनुसार विधान में इन्द्र स्वरूप के रूप में गुलाबचन्द लुहाड़िया, इन्द्रमल गोधा, धनराज लुहाड़िया, महावीर लुहाड़िया, विमल धानोत्या, मुकेश लुहाड़िया, ज्ञानचन्द दोसी, कमला देवी सोनी एवं सुनयना सोगानी ने प्रमुख रूप से अर्घ्य समर्पित किए। मंत्री मिलापचन्द अजमेरा ने बताया कि अन्य इन्द्रों में नरेन्द्र गोधा, शैलेश गोधा, महेन्द्र लुहाड़िया, धर्मचन्द लुहाड़िया, महेश पाटनी, राकेश गोधा, चेतन पापड़ीवाल, पारस लुहाड़िया, पारस झांझरी, महेन्द्र बाकलीवाल, विनोद बाकलीवाल, ललित पाटनी, भूपेन्द्र जैसवाल, रामचन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र जैन एवं भागचन्द लुहाड़िया सहित समाज के अनेक गणमान्य महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

यह विधान प्रतिष्ठाचार्य आकाश भैयाजी एवं अक्षत भैयाजी के निर्देशन में श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संचालित हो रहा है। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।

# यूजीसी के कथित 'काले कानून' के विरोध में 27 फरवरी को कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना

स्मार्ट हलचल|कोटा



जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित विशाल धरने की तैयारियों के क्रम में सामान्य वर्ग/सवर्ण समाज के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक किशोरपुरा स्थित पारीक समाज भवन में आयोजित की गई। बैठक में यूजीसी के कथित 'काले कानून' के विरोध को रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श कर 27 फरवरी कलेक्ट्रेट पर विशाल धरने की योजना बनाई।

समता आंदोलन के संभागीय अध्यक्ष डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कि जब तक देश में जातिवादी एवं विभेदनकारी शक्तियों का समूल उन्मूलन नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समता आंदोलन का मूल मंत्र 'जाति न वर्ण, सारे भारतीय एक' है और इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए समाज के विभिन्न वर्ग एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं।

बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखते हुए धरने को सफल बनाने का आह्वान किया। इसमें राजपूत समाज, करणी सेना, ब्राह्मण समाज, वैश्य समाज तथा कायस्थ समाज सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम, अखिल ब्राह्मण समाज के रामस्वरूप शर्मा, लहरी शंकर गौतम, विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष दिनेश विजयवर्गीय, सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संतोष शर्मा, वैश्य समाज महिला प्रकोष्ठ की शशि गोयल, पारीक समाज के संरक्षक रवि प्रकाश पारीक, अध्यक्ष रासबिहारी पारीक, महामंत्री अशोक पारीक, करणी सेवा के अध्यक्ष निर्भय सिंह, महामंत्री संदीप सिंह गौड़, राजकीय महाविद्यालय के पूर्व सचिव अशोक गुप्ता, राजस्थान ब्राह्मण समाज के विजय भारद्वाज, कायस्थ समाज के पदाधिकारी निमिष सक्सेना तथा ब्राह्मण कल्याण परिषद के संरक्षक अनिल तिवारी सहित कई संगठनों के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 फरवरी को आयोजित धरने में अधिकाधिक संख्या में समाजजन भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, ताकि अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से प्रभावी रूप से सरकार तक पहुंचाया जा सके।



# पार्वती घाटी में घूमने की हैं कई बेहतरीन जगहें

पार्वती घाटी के दूर के छोर पर स्थित, तोश को सुंदर घाटी का अंतिम गाँव माना जाता है जो हिप्पी और साहसिक उत्साही लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय है। तोश की सड़क लंबी और घुमावदार है। तोश अन्य शहरों के विपरीत है जो मणिकरण या कसोल जैसे पार्वती नदी के साथ स्थित हैं।

**भारत** अपनी भौगोलिक विविधता के लिए जाना जाता है और यही कारण है कि यहां के हर राज्य में आपको प्रकृति का एक अलग सौंदर्य देखने को मिलेगा। ऐसा ही एक स्थान हिमाचल प्रदेश में भी स्थित है। भुंतर से स्पीति तक फैली, पार्वती घाटी हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित है। घाटी के पास घूमने के लिए कई आकर्षक स्थान हैं। रुद्र-नाग, सर्प के आकार का झरना, खिरगंगा के देवदार के जंगल जहाँ भगवान शिव का ध्यान किया जाता है, पांडु पुल का चट्टान का निर्माण और पिन-पार्वती दर्रा कुछ लोकप्रिय पर्यटन आकर्षण हैं। पिन वैली नेशनल पार्क एक अन्य पर्यटक आकर्षण है और यह हिम तेंदुए सहित वन्यजीवों की आबादी के लिए जाना जाता है। तो चलिए आज हम आपको पार्वती घाटी के आसपास घूमने की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं-

### कसोल

हिमाचल प्रदेश में मिनी इज़राइल के रूप में जाना जाता है, कसोल पार्वती घाटी में एक हिल स्टेशन है। यह कुल्लू से 42 किमी पूर्व में 1640 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। कसोल अपनी सुंदर घाटी, पहाड़ों और महान जलवायु के कारण पूरे वर्ष बैकपैकर्स, ट्रेकर्स और प्रकृति के प्रति उत्साही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर मौजूद कैफे और रेस्तरां स्थानीय व्यंजनों के साथ इजरायल के व्यंजन परोसते हैं। कसोल में पार्वती नदी सफेद पानी राफ्टिंग के लिए आदर्श है। कसोल में पूरे साल सुखद मौसम रहता है। कसोल घूमने का सबसे अच्छा समय मार्च से मई तक है।

### तोश

पार्वती घाटी के दूर के छोर पर स्थित, तोश को सुंदर घाटी का अंतिम गाँव माना जाता है जो हिप्पी और साहसिक उत्साही लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय है। तोश की सड़क लंबी और घुमावदार है। तोश अन्य शहरों के विपरीत है जो मणिकरण या कसोल जैसे पार्वती नदी के साथ स्थित हैं। हालाँकि कुछ हद तक इसका व्यवसायीकरण हो गया है, फिर भी सड़कें, दुकानें और घर समान हैं। आप दिन में अपने चारों ओर बर्फ से ढके पहाड़ों और ग्लेशियरों को देख सकते हैं और रात में आकाश में फैले मिल्की वे को देख सकते हैं। या आप पास के ट्रेकिंग ट्रेल्स पर घूमने जा सकते हैं।

### रसोल

पार्वती घाटी के लोकप्रिय शहर कसोल से लगभग 4 किमी की दूरी पर स्थित, रशोल या रसोल एक गाँव है जो तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है। पार्वती नदी की भीड़ से दूर, रसोल पहाड़ों में ऊंचे स्थान पर स्थित है, जो समुद्र तल से लगभग 3,000 मीटर की ऊंचाई पर है।



# एडवेंचर्स प्लेसेस पर घूमना लगता है अच्छा तो शादी से पहले एक बार इन जगहों पर जरूर जाएं

**भारत** एक टूरिस्ट फ्रेंडली देश है। यहां अंतरराष्ट्रीय से लेकर घरेलू पर्यटकों के देखने व घूमने के लिए काफी कुछ है। फिर भले ही आप प्रकृति प्रेमी हों या कुछ वक्त शांत माहौल में खुद के साथ बिताना चाहते हैं। आपको बीचेस पर घूमना पसंद हो या फिर कुछ रोमांचक करना, भारत में आपको हर तरह की एक्टिविटी करने का मौका मिलेगा। आज इस लेख में हम आपको भारत की कुछ एडवेंचर्स जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां पर आप भरपूर मौज-मस्ती करके एक नया एक्सपीरियंस ले सकते हैं। तो चलिए जानते हैं भारत की कुछ एडवेंचर्स प्लेसेस के बारे में-

### ऋषिकेश

ऋषिकेश उत्तरी राज्य उत्तराखंड में गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह शहर ज्यादातर तीर्थस्थल है और इसे भारत की योग राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, रोमांच चाहने वाले पर्यटकों के लिए यहाँ कुछ साहसिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। आप गंगा नदी में राफ्टिंग, रॉक एंड क्लिफ चढ़ाई जैसी गतिविधियां कर सकते हैं, पास के जंगल में एक सर्वाइवल कैंप में भाग ले सकते हैं या बंजी जंपिंग भी कर सकते हैं।

### लद्दाख


लद्दाख को कई मठों की भूमि के रूप में जाना जाता है। यह शहर भारत में सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित है। यहां के आसपास की भूमि की स्थलाकृति, ट्रेकिंग और राफ्टिंग के लिए एक आदर्श स्थान है। लद्दाख की प्रसिद्ध चदर ट्रेक, जो एक जमी हुई नदी पर एक ट्रेक है, यहाँ होता है। इसके अलावा, आप खूबसूरत ज़ांस्कर घाटी में राफ्टिंग कर सकते हैं।

### गुलमर्ग

गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित है। यहां पर आने के बाद आपको स्विट्जरलैंड के एक विशिष्ट गांव की याद जरूर आएगी। पूरा शहर एक उच्च ऊँचाई पर स्थित है और भारी बर्फबारी का सामना करता है। यहां प्राप्त बर्फबारी होने के कारण, हेलि-स्कीइंग यहां का एक लोकप्रिय रोमांचक खेल है। हेलि-स्कीइंग में स्की पर हेलीकॉप्टर से कूदना और कठोर ठंडी हवाओं का सामना करना शामिल है।

### मनाली

मनाली उत्तरी राज्य हिमाचल प्रदेश में स्थित एक टाउनशिप है और एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी है। मनाली में आपको कई एडवेंचर्स एक्टिविटी जैसे पार्वती घाटी में ट्रैकिंग आदि करने का मौका मिलेगा। हालांकि, यहां सबसे प्रसिद्ध रोमांचक गतिविधियों में से एक बाइकिंग करना है। मार्ग आपको मनाली में स्थित विभिन्न गाँवों और इसके आसपास के इलाकों में ले जाएंगे। इस दौरान आपको कुछ सुंदर परिदृश्यों से गुज़रना होगा और वास्तव में आप इस जगह का अनुभव कर सकते हैं।



ऋषिकेश उत्तरी राज्य उत्तराखंड में गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह शहर ज्यादातर तीर्थस्थल है और इसे भारत की योग राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, रोमांच चाहने वाले पर्यटकों के लिए यहाँ कुछ साहसिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं।

# पुदुचेरी में यह जगह करवाएंगी आपको एक अलग अनुभव

**तमिलनाडु** राज्य का पुदुचेरी शहर कई मायनों में देश के अन्य शहरों से काफी अलग है। दरअसल, तमिलनाडु के पुदुचेरी में करीबन 300 साल तक फ्रांसीसी अधिकार रहा, जिसका व्यापक प्रभाव इस शहर पर पड़ा। आज भी पुदुचेरी में आपको फ्रांसीसी वास्तुशिल्प और संस्कृति की छटा दिखेगी। इतना ही नहीं, यहां का प्राकृतिक सौंदर्य तो अनुपम है ही, साथ ही इसका अपना एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व भी है। घुमक्कड़ी के शौकीन लोगों को एक बार इस शहर का भी दौरा करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पुदुचेरी में घूमने लायक कुछ अच्छी जगहों के बारे में बता रहे हैं-

### गिंगी किला

पुदुचेरी में घूमने के लिए गिंगी किला सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। किले को 1921 में एक राष्ट्रीय स्मारक के रूप में घोषित किया गया है। एक अद्वितीय वास्तुशिल्प उपलब्धि होने के अलावा यह राज्य के कुछ महत्वपूर्ण किलों में से एक है। इतिहास और वास्तुकला प्रेमियों को पुदुचेरी में छुट्टियों में इस जगह पर एक बार जरूर जाना चाहिए।

### श्री गोकिलम्बल थिरुवक्मेश्वर मंदिर

पुदुचेरी में देखने के लिए अद्वितीय स्थानों में से एक, मंदिर में एक विशाल 15 मीटर लंबा मंदिर रथ है जो आम तौर पर ब्रह्मोत्सवम के दौरान एक जुलूस पर निकाला जाता है, जो मूल रूप से पुदुचेरी का वार्षिक उत्सव है। यह 2 दिनों में पुदुचेरी में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

### जवाहर टॉय म्यूजियम

पुदुचेरी में देखने के लिए अद्वितीय स्थानों में से एक, जवाहर टॉय म्यूजियम एक डॉल हाउस है, जिसमें विभिन्न भारतीय राज्यों से लाए गए 140 से अधिक डॉल हैं। जवाहर टॉय म्यूजियम मुख्य शहर में, पुराने प्रकाश स्तंभ पर स्थित है, जो गांधी मैदान के पास है। इस संग्रहालय में कुछ दुर्लभ सजावटी गुड़िया और खिलौने हैं। यह केवल बच्चों और स्कूल के छात्रों को ही नहीं, बल्कि हर आगंतुक को एक आनंदमय अनुभव प्रदान करते हैं।

### चुन्नमबार बोट हाउस

पुदुचेरी के प्राचीन बैकवाटर पर नाव की सवारी करके आप यकीनन खुद को प्रकृति के करीब पाएंगे। चुन्नमबार बोट हाउस प्रकृति प्रेमियों के लिए यकीनन एक बेहतरीन जगह है, जहां पर आप न केवल नाव की सवारी कर सकते हैं, बल्कि आश्चर्यजनक प्राकृतिक स्थानों का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### सीता कल्चरल सेंटर

पुदुचेरी में सीता कल्चरल सेंटर एक बहुत प्रसिद्ध फ्रेंको-भारतीय सांस्कृतिक केंद्र है और पुदुचेरी में घूमने के लिए कई स्थानों में से एक है। कैंड्प्पा मुदलियार स्ट्रीट पर स्थित, यह पुदुचेरी के सबसे बेहतरीन पर्यटक आकर्षणों में से एक है। यहां पर इंडियन कुकिंग, कोलम लर्निंग, आयुर्वेदिक मेडिसिन, योगा, पिलेट्स, और तमिल भाषा से, विभिन्न दिलचस्प मल्टीपल और सिंगल सेशन क्लास हैं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com